दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 16 | अंक 348 | सीकर, शनिवार 14 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# पंचायती राज विभाग के कनिष्ठ सहायक के पांच ठिकानों पर एसीबी की छापेमारी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** आय से अधिक संपत्ति के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने पंचायती राज विभाग के कनिष्ठ सहायक शुभकरण परिहार छींपा के पांच ठिकानों पर शुक्रवार तड़के सर्च अभियान चलाया। कार्रवाई में अब तक करीब 75 लाख रुपए नकद, एक किलो से अधिक सोना, लगभग दो किलो चांदी, कई आलीशान मकान और करीब 17 हेक्टेयर कृषि भूमि होने की पुष्टि हुई है। एसीबी महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि मुख्यालय जयपुर को गोपनीय शिकायत मिली थी कि ग्राम पंचायत कानासर पंचायत समिति बाप जिला फलोदी में पदस्थापित रहे और वर्तमान में ग्राम पंचायत ऊदट में कार्यरत शुभकरण परिहार ने वैध आय से इतर करोड़ों की अवैध संपत्ति अर्जित की है। एसीबी एसयू बीकानेर द्वारा गोपनीय सत्यापन में आरोपी कनिष्ठ सहायक के खिलाफ वैध आय से 938 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित करने के तथ्य सामने आने पर प्रकरण दर्ज किया गया। उप महानिरीक्षक एसीबी रेंज बीकानेर भूवन भूषण यादव के सुपरविजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार एसीबी चौकी बीकानेर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष कुमार एसयू बीकानेर के नेतृत्व में टीमों ने न्यायालय से तलाशी वारंट प्राप्त कर बीकानेर शहर में जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित मातेश्वरी एन्क्लेव, गंगाशहर क्षेत्र के बागीनाडा छीपों का मोहल्ला, आरोपी के गांव पूनरासर तथा फलोदी जिले में उसके पदस्थापन स्थल सहित कुल पांच स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। जहां संपत्तियों में अब तक मातेश्वरी एन्क्लेव स्थित मकान से करीब 75 लाख रुपए नकद, बीकानेर के दोनों ठिकानों से एक किलो से अधिक सोना और करीब दो किलो चांदी, बीकानेर शहर में तीन आलीशान मकान, गांव पूनरासर में एक मकान और करीब 17 हेक्टेयर कृषि भूमि सामने आई है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में विभिन्न स्थानों पर सर्च कार्रवाई जारी है। इस मामले में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के प्रकरण में आगे की जांच की जा रही है।

# प्रधानमंत्री कार्यालय की नई इमारत सेवा तीर्थ का उद्घाटन

## नॉर्थ-साउथ ब्लॉक ब्रिटिश हुकूमत का प्रतीक; गुलामी की मानसिकता से निकलना जरूरी : पीएम

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री कार्यालय का पता आज से बदल गया है। नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नए पीएम ऑफिस सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन 1 व 2 का उद्घाटन किया। पीएम ऑफिस अब तक साउथ ब्लॉक में था।

पीएम मोदी ने कहा कि नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक की इमारतें ब्रिटिश शासन की हुकूमत की प्रतीक थीं। ये भवन ब्रिटेन के महाराज की सोच को गुलाम भारत की जमीन पर उतारने का माध्यम था। हमें गुलामी की इस मानसिकता से बाहर निकलना जरूरी था।

पीएम ने कहा- दिल्ली की इमारतों में ऐतिहासिक स्थलों पर गुलामी के चिन्ह भरे पड़े हैं। आजाद भारत में जो सैनिक शहीद हुए, यहां उनके लिए कोई स्मारक नहीं था। 2014 में देश ने तय किया कि गुलामी की मानसिकता और नहीं चलेगी। हमारे इन फैसलों के पीछे हमारी सेवा भावना है।

### सेवा तीर्थ पर लिखा है- नागरिक देवो भव

स्पीच से कुछ देर पहले प्रधानमंत्री ने सेवा तीर्थ कॉम्प्लेक्स की पट्टिका का अनावरण किया। दीवार पर 'सेवा तीर्थ' के नीचे 'नागरिक देवो भव' लिखा गया है।

प्रधानमंत्री का ऑफिस 1947 से साउथ ब्लॉक में रहा है। ये इमारत करीब 78 सालों से देश की सत्ता का केंद्र रही है। 2014 से मोदी सरकार ने ब्रिटिश शासकों के प्रतीकों से दूर जाने के लिए लगातार कदम उठाए हैं।

### सेवा तीर्थ कॉम्पलेक्स में कुल 3 इमारतें

सेवा तीर्थ कॉम्प्लेक्स में कुल 3 इमारतें हैं- सेवा तीर्थ-1, सेवा तीर्थ-2 और सेवा तीर्थ-3। सेवा तीर्थ-1 में पीएमओ है। सेवा तीर्थ-2 में कैबिनेट सचिवालय और सेवा तीर्थ-3 में एनएससीएस और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल का ऑफिस है। ये सभी ऑफिस पहले अलग-अलग जगहों पर थे।

कैबिनेट सचिवालय सितंबर 2025 में ही सेवा तीर्थ-2 में शिफ्ट हो चुका है। आज पीएमओ के साथ एनएससीएस और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का ऑफिस भी यहां शिफ्ट हो गया है। पीएम आज कर्तव्य भवन-1 और 2 का उद्घाटन भी करने वाले हैं। यहां मंत्रालयों के नए ऑफिस होंगे। पहले नॉर्थ ब्लॉक मंत्रालयों का ठिकाना था।

### मोदी की स्पीच की बड़ी बातें...

- विकसित भारत की सोच सिर्फ योजनाओं में नहीं, बल्कि काम करने की जगहों और इमारतों में भी दिखनी चाहिए। नई तकनीक के लिए पुरानी इमारतें पर्याप्त नहीं हैं।
- पुराने भवन छोटे और सुविधाओं में सीमित थे। करीब 100 साल पुरानी ये इमारतें जर्जर हो चुकी थीं, और इन समस्याओं की जानकारी देश को होना जरूरी है।
- आज भी कई मंत्रालय अलग-अलग 50 जगहों से चल रहे हैं, जिससे हर साल लगभग 1,500 करोड़ रुपए किराए में खर्च होते हैं। सभी मंत्रालय एक जगह आने से खर्च कम होगा, समय बचेगा और कामकाज बेहतर होगा।
- इन फैसलों के पीछे एक साफ सोच बताई गई है, जो भारत के अतीत, वर्तमान और भविष्य को जोड़ती है। पहले जिसे राजपथ कहा जाता था, वहां आम लोगों के लिए कम सुविधाएं थीं, अब कर्तव्य पथ पर बेहतर व्यवस्था है।
- राष्ट्रपति भवन में मुगल गार्डन का नाम बदलकर अमृत उद्यान किया गया और पुरानी संसद को संविधान सदन कहा गया। इसे सिर्फ नाम बदलना नहीं, बल्कि आजाद भारत की नई पहचान बनाना बताया गया है।
- सरकार का कहना है कि सेवा ही देश की असली पहचान है। नए भवन यह याद दिलाते हैं कि शासन का मतलब सेवा और समर्पण है। सेवा परमो धर्म की सोच को ही आगे बढ़ाने की बात कही गई है।
- सेवा तीर्थ को सेवा के संकल्प का प्रतीक बताया गया है। इसका उद्देश्य लोगों की सेवा करना और देश को आगे बढ़ाना है, ताकि करोड़ों लोग गरीबी और गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल सकें।
- शासन का केंद्र अब नागरिक है। इस भवन में लिया गया हर फैसला 140 करोड़ लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए होना चाहिए। यहां अधिकार दिखाने नहीं, जिम्मेदारी निभाने का भाव होना चाहिए।






### पीएम ने नए ऑफिस में कई फाइलों पर साइन किए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए पीएमओ कॉम्प्लेक्स 'सेवा तीर्थ' में महिलाओं, युवाओं और कमजोर वर्गों से जुड़े अहम फैसलों की फाइलों पर साइन किए। सरकार के अनुसार, इन फैसलों का उद्देश्य इन वर्गों को सीधा लाभ पहुंचाना है। प्रधानमंत्री ने पीएम राहत योजना से जुड़ी फाइलों पर भी साइन किए। इस पहल के तहत, एक्सीडेंड पीड़ितों को ?1 .5 लाख तक का कैशलेस ट्रीटमेंट मिलेगा, जिससे उनके इलाज में देरी न हो। साथ ही लखपति दीदी योजना का लक्ष्य दोगुना कर 3 करोड़ से छह करोड़ करने का निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री ने कृषि अवसंरचना कोष के आवंटन को 1 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2 लाख करोड़ रुपये करने की मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री ने 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2 .0 को मंजूरी दी है।

# महाकाल पालकी का किया स्वागत



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** महाशिवरात्रि पर दूसरी बार ऐतिहासिक शिव बारात 15 फरवरी को पटवो का मोहल्ला, वार्ड 23 पीपलेश्वर महादेव मंदिर में आयोजन होगा। आयोजन समिति के राहुल पटवा ने बताया कि उज्जैन से पालकी श्रीमाधोपुर पहुंची, श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। बताया कि 15 फरवरी को शिव बारात पीपलेश्वर महादेव मंदिर से सवा एक बजे प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। इस दौरान भस्म आरती प्रातः 5 बजे, श्रृंगार आरती प्रातः 8 बजे, भोग आरती सुबह साढ़े 11 बजे, महा आरती सायं साढ़े 6 बजे, शयन आरती रात्री 9 बजे होगी। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण होगा। शिव पार्वती, अघोरी, भूतों की टोली शुभम एण्ड पार्टी दिल्ली द्वारा विशेष झांकी आकर्षण का केंद्र होगी। मुख्य आकर्षण उज्जैन के कलाकारों द्वारा नृत्य प्रदर्शन होगा। भजन संध्या 14 को रात्री 8 बजे से श्रीमाधोपुर की सभी सत्संग मण्डल द्वारा होगी। कार्यक्रम में रोहित पटवा, भवानी पटवा, आशीष, गुल्लू, शिंभू गोठवाल, टोनी सोनी, बाबूलाल शर्मा मौजूद रहे।

# कृषि मंत्री ने अचानक बैंक पहुंचकर की फसल बीमा घोटाले की जांच

निसं

**सालासर ( नवयत्न )।** कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने शुक्रवार को फसल बीमा में बड़ा घोटाला पकड़ने का दावा किया। मीणा अचानक सालासर की एसबीआई बैंक की ब्रांच में पहुंचे। जहां उन्होंने अचानक बैंक मैनेजर को तलब करते हुए फसल बीमा की लिस्टें मांगी। जिसके बाद मीणा ने बताया कि सालासर ब्रांच में 71 ऐसे लोग हैं जिनका फसल बीमा प्रीमियम काटा है लेकिन वो किसान ही नहीं है। इनमें से कई लोग गजनेर तहसील के किसानों के हैं। उन्होंने जमाबंदी की कॉपी दिखाई हुए कहा कि वहां वो किसान वहां अस्तित्व में ही नहीं है। मीणा ने कहा कि इनका बीमा एआईजी कंपनी ने किया है। मीणा ने कहा कि लिस्टिंग में किसान और उनके पिता के नाम भी सेम है। वास्तव में ना उनकी जमाबंदी है, ना ही खसरा नंबर है। मीणा ने कहा कि अकेली सालासर ब्रांच में 71 किसानों में प्रत्येक किसान का 12 लाख और कुल 9 करोड़ रुपए मिलना था। जिसकी प्रोसेस भी हो चुकी है। अगर राज्य की बात करें तो यह घोटाला 1150 करोड़ का हो सकता है। क्योंकि राज्य में ऐसे 15 हजार किसान हैं, जिनकी कोई जमीन नहीं है लेकिन उनका बीमा कर दिया गया है।



### संतोषजनक जवाब नहीं डे पाए बैंक मैनेजर

कृषि मंत्री किरोड़ी मीणा अचानक बैंक में पहुंचे और घोटाले के बारे में जानकारी लेनी चाही तो बैंक मैनेजर संतोष जनक जवाब नहीं दे पाया और हक्का बक्का रह है। जिसके बाद लोगों में और दहशत हो गई कि बैंक में बड़ा फर्जीवाड़ा हो गया।

### ग्रामीणों के माथे पर चिंता की लकीर

कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा द्वारा बैंक में पहुंचकर घोटाले की जाँच पड़ताल की गई तो लोगों के माथे पर चिंता की लकीर छा गई। ग्रामीणों से बात की तो उन्होंने बताया कि पैसे जोड़ने के लिए बैंक में पैसे इकट्ठा करते है और बैंक में ही ऐसे घोटाले होने लग गए तो आमजन किस पर विश्वास कर सकता है। मंत्री किसानों के नाम पर हुये घोटाले को लेकर काफी गुस्से में दिखाई दिए और कहा कि मामले को लेकर एफआईआर करवाई जाएगी। इसके बाद जांच करवाई जाएगी। उसके बाद पता चलेगा कि घोटाले में कौन-कौन शामिल है?

# कंज्यूमर्स वॉइस अभियान के तहत शुरू हुई प्री-काउंसलिंग, त्वरित न्याय की दिशा में पहल



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** कंज्यूमर्स वॉइस जागरूकता अभियान के तहत जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में लंबित उपभोक्ता मामलों के त्वरित निस्तारण की दिशा में प्री.काउंसलिंग प्रक्रिया की शुरुआत कर दी गई है। शुक्रवार को आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने सदस्य प्रमेंद्र सैनी एवं अधिवक्ताओं के साथ न्याय टेबल पर बैठकर कई प्रकरणों की प्री-काउंसलिंग की और पक्षकारों को आपसी सहमति से विवाद सुलझाने के लिए प्रेरित किया। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक लंबित उपभोक्ता मामले को राष्ट्रीय लोक अदालत से पहले प्री-काउंसलिंग से गुजराया जा रहा है, ताकि अधिकाधिक मामलों का समाधान आपसी समझौते से किया जा सके और उपभोक्ताओं को त्वरित राहत मिल सके। इस दौरान पक्षकारों को उनके अधिकारों, जिम्मेदारियों तथा वैकल्पिक विवाद निस्तारण के महत्व की जानकारी भी दी गई। अध्यक्ष मील ने बताया कि जिन मामलों में आपसी सहमति से समाधान संभव होगा, उन्हें शीघ्र निस्तारित किया जाएगा, जबकि शेष मामलों में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अंतिम निर्णय तक पहुंचाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल उपभोक्ता आयोग में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण और उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंज्यूमर्स वॉइस अभियान के तहत आगे भी प्री-काउंसलिंग सत्र, जागरूकता कार्यक्रम और संवाद आयोजित किए जाएंगे, ताकि उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़े और अधिक से अधिक मामलों का समयब समाधान सुनिश्चित हो सके।

**जिला अभिभाषक संस्था आई आगे-**उपभोक्ताओं के हित में जिला आयोग में न्याय टेबल पर जिला अभिभाषक संस्था ने भी आगे बढ़कर सहयोग देते हुए लंबित प्रकरणों की प्री काउंसलिंग में हिस्सा लिया। इस दौरान बार अध्यक्ष रतन मोरवाल, पूर्व बार अध्यक्ष विजय ओला, अधिवक्तागण नरोत्तम शर्मा, अनुज शर्मा, ओमप्रकाश सैनी, राजेंद्र सैनी, उमेश शर्मा, तेजवीर, मधुसूदन शर्मा, कमलेश, डीपी वर्मा, किरण बियाला, हेतराम, अभिषेक शर्मा, फुलचंद सैनी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी भीम सिंह राजपुरोहित, चंदन सैनी, महावीर मीणा, एजाज नबी, आदिल, अमित शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भविष्या हॉस्पिटल में 75 वर्षीय महिला का सफल घुटना प्रत्यारोपण

## डॉ. उदयपुरिया का कमाल छुट्टी के दिन ही 60-70 सीढ़ियां स्वयं उतरकर आई सुलोचना देवी

संजय सोनी


**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय स्थित भविष्या हॉस्पिटल में घुटना प्रत्यारोपण अब नियमित प्रक्रिया बन चुकी है। वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित उदयपुरिया एवं उनकी टीम आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ देखभाल के साथ लगातार सफल ऑपरेशन कर मरीजों को राहत प्रदान कर रही है।

हाल ही में 75 वर्षीय सुलोचना देवी पत्नी पुरुषोत्तम लाल गुप्ता का सफल घुटना प्रत्यारोपण कर हॉस्पिटल ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। झुंझुनू के हरिओम अपार्टमेंट निवासी प्रवीण गुप्ता की माता सुलोचना देवी पिछले दो से ढाई वर्षों से घुटनों के असहनीय दर्द से परेशान थी। परिजनों ने उन्हें दिल्लीए जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर चिकित्सकों को दिखाया और लंबे समय तक दवाइयां भी लीए लेकिन अपेक्षित आराम नहीं मिला। पिछले एक माह से उनकी स्थिति और बिगड़ गई थी तथा चार कदम चलना भी मुश्किल हो गया था। एक परिचित मरीज की सलाह पर परिजन सुलोचना देवी को भविष्या हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जांच के बाद डॉ. उदयपुरिया ने आश्वस्त किया कि घुटना प्रत्यारोपण सुरक्षित और प्रभावी प्रक्रिया है। 8 फरवरी 2026 को उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया और 9 फरवरी को सफल ऑपरेशन किया गया। बेहतर पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल के चलते 13 फरवरी को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उल्लेखनीय है कि छुट्टी के समय उन्होंने हल्के से सहारे के साथ अस्पताल की लगभग 60-70 सीढ़ियां स्वयं उतरकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। अस्पताल टीम में डॉ. उदयपुरिया के साथ अविनाश, विजेन्द्र सिंह सहित पूरी मेडिकल और नर्सिंग टीम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। समर्पित टीमवर्क और आधुनिक सुविधाओं के कारण मरीज को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिला। डॉ. उदयपुरिया ने बताया कि आधुनिक तकनीक, उच्च गुणवत्ता वाले इम्प्लांट और अनुभवी टीम के कारण अब घुटना प्रत्यारोपण तेजी से और सुरक्षित रूप से किया जा रहा है। अस्पताल में प्री-ऑपरेटिव जांच से लेकर ऑपरेशन और बाद की फिजियोथेरेपी तक संपूर्ण उपचार एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। साथ ही अस्पताल में राज्य सरकार की राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम योजना का लाभ भी पात्र मरीजों को दिया जा रहा है, जिससे आर्थिक रूप से भी राहत मिल रही है और महंगे ऑपरेशन सुलभ हो पा रहे हैं। स्वस्थ होने के बाद सुलोचना देवी ने डॉक्टर और पूरी टीम को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बुजुर्गों को फिर से चलने-फिरने लायक बनाना ईश्वर के बाद डॉक्टरों का ही कार्य है। परिजनों ने भी भविष्या हॉस्पिटल की सेवाओं और देखभाल की सराहना की।






## कोबरी-सार



## विशेष कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर की ओर से विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कैंसर जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न सोसायटी एवं संस्थानों में हेल्थ टॉक और हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस श्रृंखला की शुरुआत सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ के जवानों से की गई। बीएसएफ परिसर में आयोजित स्वास्थ्य वार्ता में मणिपाल हॉस्पिटल के पीडियाट्रिक हेमेटो-ऑन्कोलॉजी एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. राहुल शर्मा ने कैंसर जागरूकता, बचाव एवं समय पर जांच विषय पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. राहुल शर्मा ने बताया कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए समय पर स्क्रीनिंग, प्रारंभिक पहचान अर्ली डिटेक्शन और स्वस्थ जीवनशैली अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि कैंसर का पता शुरुआती अवस्था में चल जाए तो उपचार की सफलता की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इस कार्यक्रम के दौरान मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर में उपलब्ध समग्र कैंसर उपचार सुविधाओं की जानकारी भी साझा की गई। जिसमें उन्नत डायग्नोस्टिक सेवाएं, विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और आधुनिक तकनीकों से उपचार शामिल है। डॉ. राहुल ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तंबाकू से परहेज, सीमित शराब सेवन और नियमित स्वास्थ्य जांच जैसे महत्वपूर्ण जीवनशैली बदलावों पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में बीएसएफकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिससे यह जागरूकता पहल अत्यंत प्रभावी और सफल रही। आगामी दिनों में भी मणिपाल हॉस्पिटल द्वारा कैंसर जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक किया जा सके। मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर के डायरेक्टर रंजन ठाकुर ने कहा कि कैंसर के खिलाफलड़ाई में जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है। यदि लोग समय पर जांच कराएं और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं तो कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। मणिपाल हॉस्पिटल समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

## महिला कांग्रेस का नेतृत्व सृजन आवासीय कैंप 14-15 को

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की ओर से 14 और 15 फरवरी को नेतृत्व सृजन दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पीसीसी जयपुर में आयोजित होगा। इस शिविर का शुभारंभ 14 फरवरी सुबह 10 बजे अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत करेंगे। यह कार्यक्रम अलका लांबा के सान्निध्य में संपन्न होगा। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सारिका सिंह ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य महिला नेतृत्व का विकास, वैचारिक सुदृढ़ता और संगठनात्मक क्षमता का विस्तार करना है। प्रशिक्षण के दौरान महिला पदाधिकारियों को राजनीतिक प्रशिक्षण, संगठनात्मक दक्षता और नेतृत्व विकास से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। दोनों दिन अलग.अलग वक्ताओं द्वारा भारतीय संविधान, लैंगिक विविधता, कांग्रेस की विचारधारा, मीडिया प्रबंधन और सोशल मीडिया जैसे विषयों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रहेगी। यह पहल महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## हुसैन बने कुरैशी महासभा के जिलाध्यक्ष

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** कस्बे के वार्ड 17 के निवर्तमान पार्षद बाबू हुसैन कुरैशी को राजस्थान कुरैशी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष एवं चूरू के पूर्व विधायक हाजी मकबूल मंडेलिया ने महासभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। कुरैशी के जिलाध्यक्ष बनने पर कुरैशी समाज सहित अन्य लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी।

## भगेरिया के सहयोग से शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा



निसं

**चिड़ावा (नवयत्न)।** लाखू गांव के शनि मंदिर में उद्यमी सुभाष भगेरिया-पुष्पा भगेरिया के सहयोग से शिव परिवार की मूर्ति स्थापना की गई। इसके प्रारंभ में पंडित नागेंद्र शर्मा निकुंज के सानिध्य में पंडित मांगेलाल, हजारीलाल और प्रदीप शर्मा ने पूजा-अर्चना करवाई। यजमानों ने हवन में आहुतियां देकर रुद्राभिषेक किया। अंत में प्रसाद वितरण हुआ। इस मौके पर शकुंतला भगेरिया, गौरव-मानसी भगेरिया, रितेश-राधिका भगेरिया, अनिल-रेणू भगेरिया, सुमन धारीवाल, अभिषेक धारीवाल, करण भगेरिया, विजय जांगिड़, मंजू जांगिड़, धनसीराम अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, अमित गोयल, बबीता गोयल, आस्था जांगिड़, बबलू गोयल, शुभम गोयल आदि मौजूद थे।

# राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष का किया स्वागत

निसं

**सीकर (नवयत्न)।** राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी शुक्रवार को सीकर प्रवास पर रहे। श्री चतुर्वेदी भाजपा कार्यालय पहुंचे यहां पर जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां सहित कार्यकर्ताओं ने माला, गुलदस्ता, साफा व पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए वित्त आयोग के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार की वित्त मंत्री दिया कुमारी ने सर्वजन



हिताय, सर्वजन सुखाय के सिद्धांत को ध्यान में रखकर बजट पेश किया है। उन्होंने कहा कि बजट में सभी वर्गों व क्षेत्र के विकास की दृष्टि को ध्यान में रखा है। कहा कि 2047 के विकसित भारत व विकसित राजस्थान की परिकल्पना का रोड मैप बजट में दिख रहा है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय व एकात्म मानवाद के सिद्धांतों पर भाजपा चलती है। बिजली, खाद्य सुरक्षा, पेंशन बढ़ोतरी के साथ आम आदमी के विकास की कामना करती है। महिलाओं, गरीब, युवा, अन्नदाता व नारी के उत्थान का काम होगा बजट के माध्यम से होगा। युवाओं को नौकरी दी है, स्वास्थ्य का ध्यान रखा। उन्होंने कहा कि पिछले संकल्प के 70 प्रतिशत कामों को पूरा कर चुके हैं और शेष का निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार लगातार विकास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों का भारत बनाने में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यमुना जल को भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में शामिल करते हुए काम किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री ने यमुना जल समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। राजस्थान सरकार ने 32 हजार करोड़ का प्रोविजन बजट में रखा है। शेखावाटी के लोगों को आजादी के बाद से लंबित मांग को पूरा करने का काम भाजपा सरकार ने किया है। कहा कि जल्द ही पाईप लाइनों के माध्यम से शेखावाटी में यमुना जल का पानी पहुंचेगा। विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने अंतिम कार्यकाल के बजट में सिर्फ घोषणाएं करने का काम किया था। कांग्रेस की सरकार होटलों में रही। जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र माथुर ने बताया कि इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, नेमीचंद कुमावत, करण सिंह, महेश खोखर, इंद्र शर्मा, गजेंद्र चारण, वरूण कुशलेश शर्मा, कविता चौधरी, महावीर सैन, रविंद्र गहलोत, आशीष जैन, ओमेंद्र चारण, मदन गढ़वाल, त्रिभुवन सिंह शेखावत, योगेश वर्मा, तरूण ढ़िकिया आदि मौजूद रहे।

## हिन्दू सम्मेलन : सामाजिक समरसता व संस्कारों पर दिया जोर

निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड के नानूवाली बावड़ी के खेल मैदान परिसर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पवन दाधीच मुख्य वक्ता रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष सूबेदार गंगाराम अधाणा ने की। विशिष्ट अतिथियों में रामकृष्ण मिशन आश्रम के स्वामी सुभगानंद महाराज थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता एवं भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक समरसता की शुरुआत प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर से करनी चाहिए। उन्होंने कुटुंब प्रबंधन,




पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्यों तथा बच्चों में संस्कारों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज को संगठित और संस्कारित बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसाद ग्रहण किया।

साथ ही गांवों के पांच संयुक्त परिवारों के मुखियाओं को अतिथियों द्वारा दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में सरपंच रमेश कुमार सैनी, गोपीचंद गुर्जर, अशोक सिंह शेखावत, अशोक सैनी, राजेश कुमावत, धर्मेंद्र यादव, संजय सुरोलिया, राजेश जलन्द्रा, उम्मेद सिंह निर्वाण, जगदीश प्रसाद गुर्जर, सुरेश शर्मा, बलबीर सैनी, इंद्राज सैनी, डॉ संतोष सैनी, रामनिवास लादी, डॉ सुनील सैनी, अजय सिंह शेखावत, राजेंद्र सैनी, शंभू दयाल सैनी, किशन लाल सैनी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## आज व कल 4 घण्टे बंद रहेगी बिजली

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** विद्युत लाइन कार्य के चलते 14 व 15 फरवरी को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक 4 घण्टे विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। सहायक अभियंता 132 केवी जीएसएस तारानगर सुभाष चंद मीणा ने बताया कि निर्माणाधीन 220 केवी जीएसएस, चैनपुरा, सादुलपुर से निकलने वाली नई 132 केवी चैनपुरा-चूरू लाइन के निर्माण कार्य के कारण 132 केवी सादुलपुर तारानगर लाईन का शटडाउन रहेगा। शट डाउन के कारण 132 केवी जीएसएस तारानगर एवं जीएसएस से निकलने वाले समस्त 33 केवी फीडर जैसे तारानगर सिटी, साहवा पीएमसी, एपी-पीएमसी राजपुरा एवं बांय की विद्युत आपूर्ति शनिवार व रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक 4 घण्टे बंद रहेगी।

## नानी बाई मायरा कथा का हवन के साथ समापन

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** तहसील के ग्राम खरतवासिया में चल रही श्री नानी बाई का मायरा कथा का अंतिम दिन श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। कथा के समापन अवसर पर विधिवत हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के श्रद्धालुओं ने आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कथावाचक पंडित प्रकाश चंद्र महाराज ने अंतिम दिवस पर नरसी भगत की मार्मिक और प्रेरणादायक कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि नरसी भगत की अटूट श्रद्धा, भक्ति और भगवान पर विश्वास ही उनके जीवन की सबसे बड़ी शक्ति थी। कथा सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुषों ने



भाग लिया। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए प्रसाद वितरण किया। भक्तिमय वातावरण और वेद मंत्रों की गूंज के साथ कथा का समापन हुआ। इस अवसर पर पुजारी देवाराम, हनुमान राम, गोरखाराम, मनीराम, सुरजाराम, चौरू ढोलक वादक, तबला वादक सलीम, मनीराम, हनुमान राम, गोपाल, घासीराम, मनीराम, तुलसाराम, रमेश, रतिराम, पवनराम, तोलुराम, भागल, विनोद कुमार, रूगाराम, पूर्णाराम, नथू सिंह, बनवारी लाल, मोहर सिंह सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आने वाली पीढ़ियों के लिए हितकर बनेगा निर्माण : बल्खी

निसं



**लाडनूं (नवयत्न)।** मस्जिद अल फलाह के सामने ज्यान मोहम्मद बल्खी की अध्यक्षता में मेड़तियान सिलावट समाज लाडनूं के नवीन भवन की संगे बुनियाद रखी गई। इस अवसर पर भामाशाह हाजी फतेह मोहम्मद बल्खी के द्वारा भवन निर्माण के लिए 500 गज जमीन एवं एक लाख रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। वहीं भामाशाह हाजन बिस्मिल्ला बानो की याद में हाजी इस्माईल बल्खी एवं हाजी इब्राहिम पुत्र करीम बक्श बल्खी की स्मृति में उनके सुपुत्रों द्वारा एक कमरे का निर्माण करवाने की घोषणा की गई। शिलान्यास कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज जावेद बल्खी ने तिलावते कुरआन से की। मोहम्मद यूसुफबल्खी ने सामूहिक दुआ करवाई। इसके बाद इस्लामिक तरीके से सामूहिक रूप से गणमान्य लोगों द्वारा शिला रखी गई। नवीन भवन शिलान्यास कार्यक्रम में अध्यक्ष ज्यान मोहम्मद बल्खी ने कहा कि आने वाले समय में मेड़तियान सिलावट समाज सहित सर्व समाज के हित में यह निर्माण यादगार साबित होगा। उन्होंने समाज के युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने और रोजगार के अवसर पैदा करने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में हाजी अब्दुल शकूर, मोहम्मद निवाज, हाजी मोहम्मद हुसैन, जर्नलिस्ट अबूबकर बल्खी, मास्टर अख़्तर हुसैन, सचिव मोहम्मद रफीक, केशियर महबूब आलम, मास्टर सलाम सोलंकी, रमजान खिलजी, मास्टर जलालुद्दीन, दिलावर हुसैन, अब्दुल हमीद मुगल, मोहम्मद उमर बडगूजर, पत्रकार मोहम्मद बिलाल एवं संपूर्ण मेड़तियान सिलावट समाज के बुजुर्ग व युवाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मंच संचालन मास्टर अख्तर बल्खी द्वारा किया गया।

## फुटबाल वितरण कार्यक्रम आयोजित

निसं



**चूरू (नवयत्न)।** जिले के सरदारशहर स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में शुक्रवार को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं फीफा के सहयोग से कार्यक्रम के तहत फुटबाल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के 25 विद्यालयों के शारीरिक शिक्षकों एवं छात्र.छात्राओं को फुटबाल प्रदान की गई। इस दौरान डीईओ माध्यमिक किशनलाल गहनोलिया ने खेल गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया। प्राचार्य हरीश कुमार मीणा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान एसीबीईओ सुभाष सोनगरा, डॉ. राजेश गुप्ता, मोहर सिंह, मोहम्मद जावेद खान सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जंगली जानवरों के हमलों से आक्रोशित ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी कस्बे के ग्रामीणों ने वन विभाग द्वारा अभयारण्य क्षेत्र में छोड़े गए जंगली जानवरों के आबादी क्षेत्र में घुसकर मवेशियों का शिकार करने की घटनाओं को रोकने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी सुनील कुमार को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से वन विभाग से तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि वन विभाग द्वारा छोड़े गए पैंथर एवं अन्य जंगली जानवर आबादी क्षेत्र में घुसकर गरीब किसानों के



मवेशियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अब तक बीस से अधिक बकरियों को मार दिया गया है, जिससे प्रभावित परिवारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वन विभाग को बार-बार सूचना देने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे कस्बे वासियों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि रविवार तक वन विभाग द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की गई तो मजबूर होकर उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। उन्होंने प्रशासन से मवेशियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जंगली जानवरों को आबादी क्षेत्र से दूर रखने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। इस मौके पर गोकुल चंद सैनी कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष, सुभाष सैनी, ईश्वर सैनी, महावीर सैनी, चंदगीराम सैनी, चौथमल सैनी, भगवान राम सैनी, सुगन कुमावत, नौरंग लाल कुमावत, राजू सैनी सहित अनेक कस्बेवासी उपस्थित रहे।

## 23 को सजेगी श्रीश्याम निशान पदयात्रा

निसं

**चिड़ावा (नवयत्न)।** श्रीश्याम युवा मित्र मण्डल के तत्वावधान में इस वर्ष 17वीं निशान पदयात्रा और फल्गुन महोत्सव का आयोजन बड़े स्तर पर किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंदिर कमेटी और कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अंकित सैनी और मंदिर पुजारी अभिषेक सैनी ने कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव का आगाज 21 फरवरी 2026 को होगा। इस दिन प्रातः 10:15 बजे विधि.विधान के साथ निशान पूजन किया जाएगा। इसी श्रृंखला में 21 फरवरी की रात्रि 8:15 बजे से एक विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें सुजीत बैदी नारनौल, सुनील बैदी, कुशल सिंह खेतड़ी, गणेश शर्मा चिड़ावा,




योगेश शर्मा सूरजगढ़ और विनोद लक्खा चिड़ावा आदि भजन गायक अपनी प्रस्तुतियों से बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 23 फरवरी को निकलने वाली निशान पदयात्रा होगी, जो चिड़ावा के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरेगी। पदयात्रा का मुख्य केंद्र अड़ूकिया स्कूल के सामने वाली गली रहेगा। भक्त महेन्द्र सैनी के सानिध्य में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में अलौकिक श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस आयोजन को सफल बनाने में जगदीश सैनी, महिपाल वर्मा, नरेंद्र बाबा, राकेश सैनी, नवीन सैनी, विकास वर्मा, लेखराज सैनी, कपिल सैनी, बिट्टू सैनी, निखिल सैनी, अविनाश वर्मा, मोहन सैनी, रौनक सैनी, प्रमोद वर्मा, दिवाकर सहित श्रीश्याम युवा मित्र मण्डल के कार्यकर्ता और स्थानीय श्याम प्रेमी दिन-रात जुटे हुए हैं। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी जनता से इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

## जसरापुर पावर ग्रिड के सहयोग से बनेगा अस्पताल भवन

निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** जसरापुर अस्पताल भवन निर्माण के लिए पावर ग्रिड के सौजन्य से 2 करोड़ 11 लाख रुपए की राशि प्रदान किए जाने पर ग्रामवासियों द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पावर ग्रिड उत्तरी क्षेत्र के अध्यक्ष एवं कार्यपालक निदेशक आलोक कुमार शर्मा रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी राजकुमार सिंह निर्वाण ने की। विशिष्ट अतिथियों में प्रबंधक सुभोदीप सिंह गहलोत एवं संदीप श्योराण उपस्थित रहे। राजकुमार सिंह एवं अजय सिंह



के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पावर ग्रिड के अधिकारियों का साफा, शॉल एवं फूलमालाएं पहनाकर स्वागत व सम्मान किया। मुख्य अतिथि आलोक कुमार शर्मा ने बताया कि अस्पताल भवन निर्माण के लिए वर्ष 2022 में पावर ग्रिड द्वारा फंड जारी किया गया था लेकिन तकनीकी अड़चनों के कारण पिछले चार वर्षों में राशि का उपयोग नहीं हो पाया। अब विधायक धर्मपाल गुर्जर एवं टीम राजकुमार सिंह के प्रयासों से यह राशि पुन: जारी कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर एवं जिला कलेक्टर के सहयोग व मार्गदर्शन से अस्पताल भवन का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। ग्रामीणों ने जसरापुर में स्टेडियम विकास के लिए भी फंड उपलब्ध कराने की मांग रखी, जिस पर कार्यपालक निदेशक ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए भविष्य में भी जनहित के कार्यों में सहयोग का भरोसा दिलाया। अध्यक्षता कर रहे राजकुमार सिंह ने कहा कि पावर ग्रिड द्वारा ग्राम विकास के लिए दी गई यह राशि सहयोग और नई उम्मीदों का प्रतीक है।

आने वाले समय में जसरापुर में और भी विकास कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर सुमेर सिंह, भोजराज सिंह, ओमपाल सिंह, नरेश पाल, मोहन सिंह, राम सिंह, सुरेंद्र सिंह, ओम प्रकाश सिराधना, हेतराम सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण गौशाला को मिली गो कास्ट मशीन

निसं

**चिड़ावा (नवयत्न)।** शहर की श्रीकृष्ण गौशाला को एक विशेष गो कास्ट मशीन भेंट की गई है, जिससे गौ उत्पाद आधारित ईंधन व उपयोगी सामग्री तैयार की जा सकेगी। इस मशीन से बने गो कास्ट का उपयोग चूल्हे पर ईंधन के रूप में किया जा सकेगा। साथ ही घरों में शुभ मांगलिक कार्यों और पूजन कार्यों में भी इसका उपयोग संभव होगा। यह मशीन दीपक पुजारी पुत्र अशोक पुजारी बालाजी टेक्सटाइल फरीदाबाद द्वारा गौशाला को भेंट की गई। उन्होंने मशीन स्थापना के लिए नीचे मजबूत फाउंडेशन तथा टीन शेड का निर्माण भी करवाया, जिससे मशीन सुरक्षित रूप से संचालित की



जा सके। गौशाला प्रबंधन ने इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस मशीन से गौशाला को आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी तथा गौ आधारित उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष परशुराम सूरजगढ़िया, सचिव केएम मोदी, कोषाध्यक्ष राहुल भीमराजका, सुरेश शर्मा, नरोत्तम मोदी, कमलकांत पुजारी, प्रदीप पुजारी, अशोक पुजारी, रामनिवास कोतवाल, श्रवण पारीक, गौशाला सुपरवाइजर संदीप स्वामी, शरद शर्मा व सुनील मिश्रा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने गौ सेवा के इस कार्य की सराहना की।

# विधायक शर्मा द्वारा कांग्रेस पर आरोप लगाने से सदन में जमकर हुआ हंगामा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने इसे देश के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण बजट बताया और आंकड़ों के साथ भाजपा सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस दौरान वे कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार को लेकर विपक्ष पर लगातार हमले करते रहे। उनके लगभग 15 मिनट के संबोधन के दौरान सत्ता पक्ष जहां मेजें थपथपाता रहा। वहीं विपक्ष शोर.शराबे पर उतर आया। विधायक शर्मा ने भाषण की शुरुआत महाराजा सूरजमल की 320वीं जयंती पर उन्हें नमन करते हुए की और मुगलों को धूल चटाने वाले महान योद्धा के इतिहास को याद किया। उन्होंने कहा कि यह गौरव की बात है कि भारत के 78 साल के इतिहास में पहली किसी राज्य का बजट उसकी जीडीपी का 32 प्रतिशत है, जबकि विकसित राष्ट्रों का बजट भी 30 से 40 प्रतिशत के बीच ही रहता है। राज्य की 18.75 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था और 10.24 प्रतिशत विकास दर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान में प्रति व्यक्ति आय 2 लाख रुपए से अधिक हो गई है, जो पिछले दो वर्षों में 21 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि को दर्शाता है। सदन का माहौल तब और भी गरमा गया। जब विधायक शर्मा ने कांग्रेस शासन के इतिहास को कुरेदते हुए उसे लेन-देन वाली सरकार का तमगा दिया।

उन्होंने कहा कि यह बात रिकॉर्ड में मौजूद है कि कांग्रेस के शासन में ढ़ाई लाख लाओ और सीमेंट फैक्ट्री ले जाओ का खेल चलता था। उन्होंने सदन में एक चिट्ठी भी पेश की और बताया कि मैगसेसे पुरस्कार विजेता राजेंद्र सिंह ने उन्हें गोपाल शर्मा पत्र लिखकर तत्कालीन केंद्रीय मंत्री कमलनाथ द्वारा अरावली में किए जा रहे अवैध खनन की रिपोर्टिंग करने को कहा था। शर्मा ने यह भी कहा कि जोधपुर के लोग जानते हैं कि कैसे एक स्कॉले हिरण के शिकारी को सरकारी गाड़ी में बिठाकर घुमाया जाता था और कांग्रेस उसके लिए, केस लड़ती थी। विपक्ष द्वारा भारी हंगामे और शोर-शराबे के बीच विधायक शर्मा ने अपनी बात खत्म करते हुए बजट को विकसित राजस्थान का ट्रेलर बताया और कहा कि जब पूरी पिक्चर सामने आएगी तब विपक्ष में और खलबली मचेगी।

## विशेष शिविर 18 फरवरी को

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक की सुजानगढ़ यात्रा के दौरान 18 फरवरी, 2026 को सवेरे 10 बजे सुजानगढ़ पंचायत समिति सभागार में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने संबंधित अधिकारियों को शिविर में आवश्यक सुविधाओं व प्रबंधन को लेकर समुचित निर्देश दिए हैं। एसजेईडी डीडी नगेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, उद्योग विभाग, राजस्थान दक्षता एवं आजीविका विकास निगम तथा राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड की सेवाओं का लाभ दिया जाएगा।

## विराट हिंदू सम्मेलन कल



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** सर्व हिन्दू समाज, राजपुरा द्वारा आयोजित होने वाले हिंदू विराट सम्मेलन का पोस्टर विमोचन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ विधिवत रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने सम्मेलन को समाज में एकता, समरसता, संस्कार एवं जागरूकता का संदेश देने वाला महत्वपूर्ण आयोजन बताया। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि हिंदू विराट सम्मेलन का आयोजन 15 फरवरी को दोपहर सवा 12 बजे, शिव मंदिर राजपुरा में किया जाएगा। पोस्टर विमोचन के साथ कार्यक्रमों की रूपरेखा भी जारी की गई, जिसके अनुसार सम्मेलन में महायज्ञ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, हनुमान चालीसा पाठ, विशिष्ट नागरिक अभिनंदन एवं बौद्धिक संत सानिध्य प्रवचन आयोजित होंगे। इसके अतिरिक्त आयोजन से पूर्व भव्य कलश यात्रा सुबह साढ़े 11 बजे ठाकुरजी मंदिर, राजपुरा से शिव मंदिर, राजपुरा तक निकाली जाएगी, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु एवं समाजजन उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। आयोजकों ने सभी समाजबंधुओं, युवाओं, मातृशक्ति एवं वरिष्ठजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।

## ईट राइट मेला आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग की ओर से मोटे अनाज के प्रति जागरूक करने के लिए ईट फुड मेले का आयोजन 14 फरवरी को किया जाएगा। मेले में बीमारियों से मुक्ति और भोजन के चुनाव की स्वतंत्रता का जश्न मनाने के लिए पदयात्रा निकाली जाएगी। जिसमें सही खान.पान अपनाने तथा समाज के सभी वर्गों के लोग पदयात्रा पर निकाली जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त के निर्देश पर सीकर शहर में 14 फरवरी को सुबह 8 बजे वॉकथान का आयोजन होगा। श्री कल्याण स्कूल के खेल मैदान से वॉकथान शुरू होगी, जो बजरंग कांटा, डिपो तिराहा, जयपुर रोड़ होते हुए अरबन हाट बाजार पहुचेंगी। अरबन हाट बाजार में ईट राइट मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले मिलेट्स को बढ़ावा देने तथा आमजन को जागरूक करने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके अलावा यहां पर विभिन्न प्रकार के मोटे अनाज की स्टॉल लगाई जाएगी। मेले में लोगों को मोटा अनाज अपनाने के लिए शिक्षित व जागरूक किया जाएगा और सही स्वस्थ और टिकाऊ खान-पान का संदेश दिया जाएगा। मेले में प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी जिसमें मिलेट्स ज्वार, बाजरा, रागी, सांवा, कुट्टू से बने स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों प्रदर्शित किए जाएंगे तथा विशेषज्ञों द्वारा मिलेट्स के उपयोग से होने वाले शारीरिक और मानसिक फायदे बताए जाएंगे। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। मेले में विजेताओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

## ग्रासरूट बैंकिंग से बदल रही निशा कंवर नरुका की दुनिया

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में जहां बैंकिंग सेवाओं की पहुंच अब भी सीमित है वहीं निशा कंवर नरुका बदलाव की एक शांत लेकिन मजबूत मिसाल बनकर उभरी हैं। उनकी कहानी सिर्फ बैंकिंग सेवा देने की नहीं, बल्कि स्वावलंबन, विश्वास और सामाजिक बदलाव की कहानी है। 22 वर्षीय निशा राजस्थान विश्वविद्यालय से कला में स्नातक हैं और पचोला गांव की निवासी हैं। जहां अधिकतर युवाओं के सामने शहरों की ओर पलायन ही विकल्प होता है वहीं निशा ने अपने गांव में रहकर लोगों तक सुविधाएं पहुंचाने का रास्ता चुना। उनका मानना है कि प्रगति लोगों तक वहीं पहुंचनी चाहिए जहां वे रहते हैं। आज निशा एक सामुदायिक बैंकर के रूप में गांव और आसपास की बस्तियों में आधार आधारित भुगतान प्रणाली के माध्यम से बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं।

उनके जरिए ग्रामीण बिना बैंक शाखा गए ही नकद निकासी, बैलेंस जांच और अन्य जरूरी वित्तीय कार्य कर पा रहे हैं। बुजुर्गों, महिलाओं, किसानों और मजदूरों के लिए यह सेवा केवल सुविधा नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का माध्यम बन गई है। निशा केवल लेन-देन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सरकारी योजनाओं और सब्सिडी को सही लाभार्थियों तक पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं को समझाने में उनकी मदद से ग्रामीणों का औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था पर विश्वास बढ़ा है और अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच मजबूत हुई है।

## आज विद्यार्थी लिखेंगे पाती मां और पिता के नाम

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** निर्वाचन विभाग, राजस्थान के निर्देशानुसार मातृ-पितृ पूजन दिवस के अवसर पर शनिवार, 14 फरवरी को जिले के सभी विद्यालयों में विद्यार्थी स्वीप गतिविधि श्पाती मां और पिता के नाम में भाग लेंगे।

स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि जिले के सभी राजकीय व निजी माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में नामांकित विद्यार्थी अपने माता-पिता व अभिभावकों को उनके वोट देने के संवैधानिक अधिकार के महत्व समझाने एवं नैतिक मतदान हेतु प्रेरित करने तथा भारत निर्वाचन आयोग व निर्वाचन विभाग, राजस्थान द्वारा मतदाताओं की सुविधा हेतु उपलब्ध करवाई जा रही ईसीआई नेट, वीएचए, सक्षम, केवाईसीए सी विजिल एप्प सहित डिजीटल सुविधाओं के बारे में जागरूक करने हेतु पत्र लिखेंगे। उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने सभी अधिकारियों को इस संबंध में समुचित निर्देश दिए हैं।

## चूरू महोत्सव-2026 स्थगित

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू जिला मुख्यालय पर 20 से 22 फरवरी, 2026 तक प्रस्तावित चूरू महोत्सव-2026 को स्थगित किया गया है। चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने बताया कि फरवरी माह में विद्यालयों व महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की परीक्षा होने के कारण चूरू महोत्सव के आयोजन को आगामी आदेशों तक स्थगित किये जाने का निर्णय लिया गया है। परीक्षा आयोजन के पश्चात चूरू महोत्सव की तिथियों का पुनः निर्धारण कर सभी को सूचित किया जायेगा।

## भामाशाह की तरफसे 30 टेबल और स्टूल भेंट



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लुटू में भामाशाह की ओर से बच्चों के बैठने के लिए 30 सेट टेबल और स्टूल भेंट किए गए। स्कूल के प्रधानाचार्य विनय स्वामी ने बताया कि सेवानिवृत्ति अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी चौधरी रामलाल सिंह सिहाग की ओर से यह टेबल स्टूल स्कूल को भेंट की गई। इस दौरान रामलाल सिंह सिहाग के परिवार से रोहिताश्व सिहाग, प्रताप सिहाग, प्यारेलाल सिहाग सहित स्कूल स्टाफभी उपस्थित रहे।

## मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष मूलचंदानी ने किए आचार्यश्री के दर्शन

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के अधिशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण के मंगल प्रवास से लाडनूं में जैन विश्व भारती नवीन आध्यात्मिक प्रकाश से आलोकित हो रही है। शुक्रवार को आचार्य श्री के सान्निध्य में राजस्थान मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस जी.आर. मूलचन्दानी भी उपस्थित हुए। उन्होंने आचार्य श्री के दर्शन कर प्रवचन से धार्मिक लाभ लिया।

आचार्यश्री महाश्रमण ने मंगल प्रेरणा प्रदान करते हुए कहा कि शास्त्र में एक चिंतन दिया गया है कि थोड़े लाभ के लिए ज्यादा नुकसान नहीं उठाना चाहिए। थोड़े लाभ के लिए बहुत का नुकसान उठाना आदमी की नासमझी होती है। आदमी को वैसे कार्य करने से बचने का प्रयास करना चाहिए, जिसमें लाभ थोड़ा और हानि ज्यादा हो। राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस जी.आर. मूलचन्दानी ने आचार्यश्री के दर्शन कर किए इसके उपरान्त अपनी भावनाओं को अभिव्यक्ति देते हुए कहा कि आपके दर्शन कर स्वयं को अनुग्रहित महसूस कर रहा हूं। आचार्यश्री ने उन्हें मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर भामाशाह एवं दानवीर जयसिंह सेठिया ने अपने परिवार सहित आचार्य श्री का दर्शनलाभ प्राप्त किया। संपादक आलोक खटेड़ ने आचार्य श्री को भारतीय समाज की प्रति समर्पित की।

## तनाव मुक्त जीवनशैली से बढ़ेगी कार्यक्षमता : बिजनेस लीडर्स ने सीखे टिप्स

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** तेजी से बदलती कारोबारी दुनिया में सफलता के साथ स्वास्थ्य को संतुलित रखने के उद्देश्य से बिजनेस सर्कल इंटरनेशनल बीसीआई जयपुर चैप्टर द्वारा जयपुर में एक विशेष इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। सत्र के मुख्य अतिथि पंकज ओझा निदेशक निदेशालय गोपालन राजस्थान ने बिजनेस एवं लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन विषय पर विस्तार से विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक सफलता तभी सार्थक है जब व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हो। स्वस्थ शरीर और शांत मन बेहतर निर्णय लेने, नेतृत्व क्षमता बढ़ाने और कार्यक्षमता में सुधार लाने में सहायक होते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को समय प्रबंधनए नियमित योग व व्यायाम, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, डिजिटल डिटॉक्स और तनाव नियंत्रण जैसे व्यावहारिक उपाय अपनाने की सलाह दी। उनके सुझावों को उपस्थित उद्यमियों ने बेहद उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। बीसीआई जयपुर की अध्यक्ष प्रीति सक्सेना ने कहा कि कार्यक्रम में शहर के प्रमुख उद्यमियों, व्यवसायियों और विभिन्न क्षेत्रों के प्रोफेशनल्स लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्था केवल बिजनेस नेटवर्किंग तक सीमित नहीं है, बल्कि सदस्यों के समग्र विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है।

## राज्य मानवाधिकार आयोग के जस्टिस का दौरा

### पुलिस थाने का किया निरीक्षण



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** राज्य मानवाधिकार आयोग के न्यायाधिपति एवं चेयरमैन गंगाराम मूलचंदानी ने शुक्रवार को लाडनूं पुलिस थाने का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक लेकर लाडनूं क्षेत्र की कानून-व्यवस्था की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने में नफरी की संख्या, साल भर की दर्ज एफआईआर और गिरफ्तारियों के अलावा जनसुरक्षा, पुलिसिंग व्यवस्था और शिकायत निस्तारण से जुड़े बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

#### महिला बैरिक से शराब हटाने की हिदायत दी

जस्टिस मूलचंदानी ने पुलिस थाने में कंप्यूटर कक्ष, रिकॉर्ड रूम, माल खाना, पुरुष बैरिक, महिला कारागृह, महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया। उन्होंने महिला बैरिक में शराब की रखी पेटियों को हटाकर बैरिक को शीघ्र खाली करने के लिए सीओ जितेंद्र सिंह चारण को निर्देशित किया। इस अवसर पर भामाशाह जय सिंह सेठिया एवं पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

## महाराजा सूरजमल की जयंती मनाई

निसं



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** संस्थापक वीर झुंझा स्मारक स्थल पर अजेय महायोद्धा महाराजा सूरजमल की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। महाराजा सूरजमल स्वाभिमान मंच के संयोजक नेशनल यूथ आइकॉन वकील विजयहिन्द जालिमपुरा ने बताया कि अपने जीवनकाल के सभी 80 युद्ध जीतने वाले एक ऐसे महान सम्राट जिसने में भारती की अस्मिता को विदेशी आक्रांताओं से सुरक्षित रखा तथा भारत की संस्कृति और अखंडता को अक्षुण्ण रखने में सर्वोच्च योगदान देने वाले युगपुरुष की जीवनी को हमारी आने वाली पीढ़ीयों तक पहुंचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है जिससे राष्ट्र की युवा पीढ़ी प्रेरणा ले सके। सर्वप्रथम सभी गणमान्यजनों ने सूरजमल की प्रतिमा पर पुष्पअर्पित कर एवं जयघोष कर श्रद्धांजिल दी। तत्पश्चात विचार गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें सभी ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर झुंझार सिंह संस्था के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र नेहरा, साहित्यकार राजेंद्र कसवां, सुरेश जाखड़, विजयगोपाल मोटसरा, बाबूलाल थालौड़, महेंद्र सिंह, ईंद्राज नेहरा, बूटीराम मोटसरा, रामकुमार झाझड़िया, बनवारी जाखड़, डॉ. मुकेश एस मुंड और महेश श्योराण उपस्थित रहे।

## जयपुर पुलिस कमिश्नर आज करेंगे जनसुनवाई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल आज दोपहर 12 से 2 बजे तक एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा में उपस्थित रह कर जनसुनवाई करेंगे। इस दौरान झोटवाड़ा सर्किल के पुलिस थाने झोटवाड़ा, करधनी, खोराबीसल, कालवाड़ एवं मुरलीपुरा क्षेत्र के परिवादियों की जनसुनवाई की जावेगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है।

## शिविर आज

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** जोधपुर डिस्कॉम की ओर से 150 यूनिट प्रतिमाह निःशुल्क बिजली योजना व पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत ग्रामीण व शहरी उपभोक्ताओं के पंजीकरण के लिए शनिवार को आनंदसिंहपुरा, लूणास व तारानगर में शिविर आयोजित होंगे।

जेईएन ओमप्रकाश ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर अटल सेवा केन्द्र में व तारानगर शहर में एईएन कार्यालय में सुबह 10 से पांच बजे तक शिविर लगेंगे जिसमें उपभोक्ताओं के आवेदन लेकर उनका पंजीकरण किया जाएगा।

## किसान महापंचायत को लेकर जनसम्पर्क जारी



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तारानगर में होने वाली किसान महापंचायत की तैयारी को लेकर किसान सभा के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को तारानगर विधानसभा के कई गांवों में जनसम्पर्क किया। सभा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गांव खरतवास, लूणास, रेवासी, भामरा, किलीपुरा, बिलिया, रेडी भूरावास, भाड़ंग, बनियाला, ढाणी माना आदि गांवों में जनसंपर्क किया व फसल बीमा, नरेगा, सिंचाई का पानी व अन्य मुद्दों को लेकर 23 फरवरी को तारानगर में होने वाली विशाल किसान महापंचायत में अधिकाधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

इस मौके पर सभा के जिला उपाध्यक्ष चिमनाराम, जिला मंत्री उमराव सहारण, कुरड़ाराम, राधेश्याम, शौकरण, कुंदन बरोड़, विजयपाल गोस्वामी आदि पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महाराजा सूरजमल की जयंती पर किया नमन



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** चौधरी कॉलोनी स्थित सामुदायिक विकास भवन में महाराजा सूरजमल की 319वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन चौधरी चरण सिंह विकास समिति एवं राष्ट्रीय लोकदल चिड़ावा इकाई के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव व मुख्य वक्ता सुरेन्द्र सिंह राव ने महाराजा सूरजमल के शौर्य, पराक्रम और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व बैंक मैनेजर धर्मपाल बेदवाल ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दिलवाया। कार्यक्रम में हनुमान पचार, चंद्रभान बिजारणियां, सुनील पचार, चौधरी चरण सिंह विकास समिति के अध्यक्ष रणवीर थालौर, मुकेश गढ़वाल, बलबीर सिंह भगासरा, नरेश पचार, कैप्टन सुरेन्द्र महला, संदीप राव, राजकुमार गजराज सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## उप मुख्यमंत्री बैरवा आज आएंगे गुढ़ागौड़जी

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर जिले के गुढ़ागोडजी में आएंगे। कार्यवाहक जिला कलेक्टर कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि उप मुख्यमंत्री शनिवार को सुबह 8 बजे जयपुर से रवाना होकर 10:30 बजे गुढ़ागोडजी पहुंचेंगे। यहां वे निजी शिक्षण संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके बाद उप मुख्यमंत्री दोपहर 12:30 बजे जयपुर के लिए रवाना होंगे।

## सम्पादकीय

# रेरा को सही फटकार



सुप्रीम कोर्ट ने रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण अर्थात रेरा को जो कड़ी फटकार लगाई, उसके लिए वही उत्तरदायी है। इस प्राधिकरण का गठन जिन उम्मीदों के साथ किया गया था, वह उन पर खरा नहीं उतर पा रहा है। रेरा की लचर कार्यप्रणाली के चलते न जाने कितने लोग अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए बाध्य होते हैं और सब जानते हैं कि वहां से न्याय मिलने में समय लगता है। रेरा की निराशाजनक कार्यप्रणाली को इससे समझा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट को यह कहना पड़ा कि उसे बंद करना ही बेहतर है। उसने यह कठोर टिप्पणी भी की कि वह दिवालिया बिल्डरों को राहत देने के अलावा और कुछ नहीं कर रहा है। इसका सीधा मतलब है कि वह फ्लैट खरीदारों के हितों की रक्षा करने के स्थान पर उन बिल्डरों की पक्षधरता करता है, जिन पर उसे निगाह रखनी चाहिए, ताकि वे अपने प्रोजेक्ट समय पर पूरा करें और उनमें मनमाने तरीके से बदलाव न कर सकें। भले ही सुप्रीम कोर्ट ने रेरा के खिलाफ कठोर टिप्पणी हिमाचल प्रदेश के एक मामले में की हो, लेकिन उसका यह आकलन तो लगभग सभी राज्यों के रेरा पर लागू होता है कि जिन लोगों के हितों की रक्षा के लिए इसे बनाया गया था, वे निराश और हताश हैं और उन्हें कोई प्रभावी राहत नहीं मिल रही। संभवतः इसीलिए उसने यहां तक कहा कि यदि इस संस्था को समाप्त भी कर दिया जाए तो उसे कोई आपत्ति नहीं होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि समय आ गया है कि सभी राज्य रेरा के नए सिरे से गठन पर विचार करें। इसमें संदेह है कि उसकी ओर से स्पष्ट निर्देश के बिना ऐसा हो सकेगा। उचित यह होगा कि केंद्र सरकार यह देखे कि सभी राज्यों के रेरा सही तरह काम करें, क्योंकि सबमें खामियां घर कर गई हैं। कई मामलों में यह देखने में आया है कि रेरा ने उन बिल्डरों का बचाव किया, जो फ्लैट खरीदारों से साफ तौर पर वादाखिलाफी कर रहे थे।

यदि रेरा के अस्तित्व में होने के बाद भी देश भर में लाखों प्रोजेक्ट अटके पड़े हैं तो इसका अर्थ है कि कहीं कुछ बड़ी गड़बड़ है। बहुत दिन नहीं हुए, जब सुप्रीम कोर्ट के समक्ष ही यह उजागर हुआ था कि दिल्ली-एनसीआर समेत कई शहरों में बिल्डरों ने बैंकों से मिलकर लाखों फ्लैट खरीदारों के साथ ठगी की। यह ठगी सबवेंशन स्कीम के जरिये की गई।

सबवेंशन स्कीम के तहत किसी परियोजना के तहत स्वीकृत राशि सीधे बिल्डरों के खातों में भेजी जाती थी। उन्हें घर खरीदारों को फ्लैट सौंपने तक ईएमआइ का भुगतान करना होता था, लेकिन कई मामलों में बिल्डरों ने फ्लैट तैयार किए बिना ईएमआइ का भुगतान बंद कर दिया। इस पर बैंक फ्लैट खरीदारों से शेष ईएमआइ की मांग करने लगे। इसे अन्याय और अंधेर के अलावा और कुछ नहीं कहा जा सकता।

## ● विशेष आलेख

# डीपफेक का धोखा और डिजिटल सख्त नियमों की अनिवार्यता

**नए नियमों के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से बढ़ाई गई है। अब उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उपयोगकर्ता को यह जानकारी मिले कि साझा की जा रही सामग्री एआई से निर्मित है या नहीं। इससे पारदर्शिता का एक न्यूनतम मानक स्थापित होगा। साथ ही, तीन घंटे की समयसीमा यह संकेत देती है कि सरकार डिजिटल अपराधों की गंभीरता को समझ रही है।**

डिजिटल युग में सूचना की गति जितनी तीव्र हुई है, उतनी ही तेजी से भ्रम, छल और दुष्प्रचार की संभावनाएँ भी बढ़ी हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डीपफेक तकनीक ने इस चुनौती को और जटिल बना दिया है। अब केवल शब्दों से नहीं, बल्कि चेहरों, आवाजों और भाव-भंगिमाओं से भी झूठ को सच की तरह प्रस्तुत किया जा सकता है। यही कारण है कि केंद्र सरकार ने डीपफेक और एआई जनित सामग्री के नियमन के लिए आईटी नियमों को सख्त करने का निर्णय लिया है। बीस फरवरी से लागू होने जा रहे नए प्रावधानों के अनुसार एआई द्वारा निर्मित सामग्री पर स्पष्ट लेबल लगाना अनिवार्य होगा और किसी भी अवैध या भ्रामक सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना या ब्लॉक करना होगा। पहले यह समयसीमा 36 घंटे थी। यह बदलाव केवल तकनीकी संशोधन नहीं, बल्कि डिजिटल नैतिकता और लोकतांत्रिक जवाबदेही की दिशा में एक गंभीर हस्तक्षेप है। पिछले कुछ वर्षों में डीपफेक तकनीक का दुरुपयोग भयावह रूप से सामने आया है। राजनीतिक नेताओं के फर्जी वीडियो, अभिनेत्रियों की अश्लील रूप से परिवर्तित तस्वीरें, सांप्रदायिक तनाव भड़काने वाले ऑडियो क्लिप और आर्थिक धोखाधड़ी के लिए बनाए गए कृत्रिम संदेश-ये सब इस बात के प्रमाण हैं कि तकनीक तटस्थ नहीं रहती, उसका उपयोग और दुरुपयोग दोनों संभव हैं। जब सत्य को जूता जा रहा हो और झूठ को परिष्कृत तकनीक के सहारे प्रमाणिकता का आवरण पहनाकर प्रस्तुत किया जा रहा हो, तब समाज में अविश्वास का वातावरण बनना स्वाभाविक है। ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा नियंत्रण की पहल आवश्यक प्रतीत होती है, क्योंकि यह केवल अभिव्यक्ति का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकों की प्रतिष्ठा से जुड़ा विषय है।

डीपफेक वीडियो के वायरल होने के बाद उसका खंडन अक्सर प्रभावहीन हो जाता है, इसलिए त्वरित कार्रवाई ही नुकसान को सीमित कर सकती है। परंतु यह भी सच है कि इतनी कम समय सीमा में सामग्री की सत्यता की जांच करना तकनीकी और प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत जटिल कार्य है। इससे प्लेटफॉर्मों पर निगरानी तंत्र को अत्यधिक सुदृढ़ करना पड़ेगा, जो लागत और संचालन दोनों के स्तर पर चुनौतीपूर्ण होगा।

यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है कि आपत्तिजनक या भ्रामक सामग्री की परिभाषा कौन और किस आधार पर तय करेगा। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक मूलाधिकार है। यदि नियमन की प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायसंगत नहीं होगी, तो इसके दुरुपयोग की आशंकाएँ जन्म लेंगी। अतीत में भी यह देखा गया है कि जब-जब



सोशल मीडिया पर नियंत्रण के प्रयास हुए, तब कुछ वर्गों ने इसे सरकारी अतिक्रमण के रूप में प्रस्तुत किया। इसलिए नियमन और स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाना अत्यंत आवश्यक है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि नियमों का प्रयोग असहमति को दबाने के लिए नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से दुष्प्रचार और अपराध को रोकने के लिए हो। इस दिशा में स्वतंत्र निगरानी तंत्र, न्यायिक समीक्षा और पारदर्शी शिकायत निवारण प्रणाली अनिवार्य घटक हो सकते हैं।

वैश्विक परिदृश्य भी इसी संकट की ओर संकेत करता है। ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस जैसे देशों ने बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग की न्यूनतम आयु निर्धारित करने जैसे कदम उठाए हैं। अमेरिका में इंस्टाग्राम और यूट्यूब के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभावों की जांच के लिए ऐतिहासिक मुकदमे चल रहे हैं। वहाँ की बड़ी तकनीकी कंपनियों पर युवाओं को लत लगाने वाली संरचनाएँ विकसित करने के आरोप लगे हैं। विशेषज्ञों का मत है कि कई युवा जब अपने फोन से दूर किए जाते हैं तो वे मनोवैज्ञानिक ही नहीं, शारीरिक असहजता भी अनुभव करते हैं। यह स्थिति केवल विकसित देशों तक सीमित नहीं, भारत सहित विकासशील देशों में भी सोशल मीडिया का अनियंत्रित विस्तार सामाजिक और मानसिक संकट का कारण बन रहा है।

एआई उद्योग स्वयं भी एक नैतिक दुविधा के दौर से गुजर रहा है। अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में कंपनियाँ तकनीकी श्रेष्ठता की दौड़ में लगी हैं। इस दौड़ में सुरक्षा और नैतिकता के प्रश्न अक्सर पीछे छूट जाते हैं। हाल ही में एक प्रमुख कंपनी के सुरक्षा शोधकर्ता द्वारा विवादास्पद परियोजनाओं की अनियंत्रित गति पर असहमति जताते हुए त्यागपत्र देना इस तनाव का संकेत है। तकनीक की प्रगति जितनी तेज होगी, नियामक ढाँचे उतनी ही तेजी से अप्रासंगिक होते जाएँगे, यदि उन्हें समयानुकूल अद्यतन न किया जाए। इसलिए नियमन को केवल दंडात्मक नहीं, बल्कि दूरदर्शी और सहभागी होना चाहिए।

भारत के संदर्भ में यह विषय और भी संवेदनशील है। यहाँ डिजिटल क्रांति ने अभूतपूर्व विस्तार पाया है। करोड़ों नए उपयोगकर्ता प्रतिवर्ष ऑनलाइन आ रहे हैं। ऐसे में यदि असली और नकली के बीच का फर्क स्पष्ट न रहे तो लोकतांत्रिक विमर्श ही संदिग्ध हो जाएगा। चुनावी प्रक्रिया, सामाजिक सद्भाव, आर्थिक लेन-देन और व्यक्तिगत प्रतिष्ठा-सभी पर डीपफेक का खतरा मंडरा सकता है। इसलिए एआई जनित सामग्री पर लेबलिंग का प्रावधान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि सूचना साक्षरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। परंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि लेबलिंग तभी प्रभावी होगी जब आम उपयोगकर्ता डिजिटल साक्षर हो। अन्यथा वह लेबल को समझे बिना ही सामग्री साझा करता रहेगा।

आगामी ई-समिट और भारत के 'इंडिया एआई मिशन' के संदर्भ में यह और भी प्रासंगिक हो जाता है कि तकनीक का विकास पारदर्शिता, शुद्धता और प्रमाणिकता के मूल्यों के साथ हो।

## आज का राशिफल

### मेष

लोग ऑफिस की पॉलिटिक्स और षड्यंत्र से खुद को बचाकर रखें। इसके साथ ही नौकरी में उन्नति के लिए धैर्य रखें और सही समय आने का इंतजार करें। ग्राहकों की डिमांड के कारण खुदरा व्यापारी समान की पूर्ति न कर पाने से परेशान रहेंगे। प्रबंधन क्षमता को बनाए रखने के लिए क्रोध न करें।

### वृष

लोगों के ऑफिस में अप्रिय घटना से मन निराश हो सकता है, जिसको लेकर सजग रहें। व्यापारिक तरक्की और विस्तार के लिए किसी अनुभवी व्यक्ति को व्यापार में शामिल करें। ऐसे व्यक्ति का व्यापार में शामिल होना आपके व्यापार में चार चांद लगा देगा। परिणाम भी अच्छे मिलेंगे।

### मिथुन

कामों को सही ढंग से करने के कारण उनके बॉस के साथ-साथ उच्च अधिकारी भी खुश होंगे। व्यापारी अपने उत्पाद की क्वालिटी को मेंटेन करते चलें, उत्पाद में कमी होने पर ग्राहक शिकायत कर सकते हैं, जिसके चलते आपकी छवि भी खराब हो सकती है।

### कर्क

लोगों का आज ऑफिस में सम्मान बढ़ेगा। अपने हेल्पिंग नेचर और वर्सेटाइल गुणों के कारण आप सर्वत्र प्रशंसा के पात्र होंगे। व्यापारियों के लिए आज का दिन शुभ संकेत लेकर आया है। पैतृक व्यापारी अच्छा लाभ कमाएंगे। इसके साथ ही वह आय के नवीन साधन भी खोज सकेंगे।

### सिंह

पूर्व के अनुभव उनके करियर ग्रोथ में मदद करेंगे, जिसके चलते वह सफलता की नए बुलंदियों को हासिल कर सकेंगे। व्यापारिक लोन या किसी बड़ी डील की इच्छा रखने वाले व्यापारियों की मनोकामना पूरी होने की संभावना है। मुश्किल कार्य भी आसानी से कर पाएंगे।

### कन्या

कार्यशैली में कुछ बदलाव की संभावना है। बदलाव अनचाहे होने पर मन कुछ उदास हो सकता है। व्यापारिक सौदा करने से पहले अच्छे से उसकी जांच पड़ताल कर लें। व्यापारिक मामलों में जोखिम उठाना ठीक नहीं है। अपने काम में फोकस रखें तो अच्छा होगा।

### तुला

छोटी-छोटी बातों को तूल न दें और ऑफिस में बेवजह की बातों से दूर ही रहें। व्यापार में किसी बड़ी डील या माल की खरीदारी के चलते बाहर जाना पड़ सकता है। व्यापारिक यात्रा के दौरान सतर्क रहें क्योंकि आर्थिक नुकसान होने की संभावना है।

### वृश्चिक

इस समय अपना पूरा फोकस ऑफिशियल काम को पूरा करने में लगाना होगा। भारी मात्रा में स्क्रैप मिलने पर स्क्रैप व्यापारियों को बड़ा मुनाफा होगा, जिस कारण आज आप बेहद खुश होंगे। व्यापारी अधिक लाभ कमाने की लालच में किसी के साथ गलत करने से बचें।

### धनु

लोगों की बुद्धि प्रखर है, जिसके चलते वह मुश्किल कार्य भी आसानी से कर पाएंगे। किसी काम के निष्पादन में दिमाग बहुत ही तेजी से कार्य करेगा। समय आपके फेवर में है, इसलिए आप शेयर मार्केट या अन्य किसी माल की खरीददारी में धन निवेश कर सकते हैं।

### मकर

ऑफिस के काम पूरे करने या किसी महत्वपूर्ण निर्णय को लेने में उच्चाधिकारियों को महत्वपूर्ण राय मिल सकती है। समय आपके फेवर में है, इसलिए आप शेयर मार्केट या अन्य किसी माल की खरीददारी में धन निवेश कर सकते हैं।

### कुंभ

जातकों को करियर के क्षेत्र में नई शुरुआत करने वालों के लिए दिन अच्छा रहेगा। मेहनत से मनोवांछित परिणाम मिलेंगे। व्यापारियों को कारोबार में गति लाने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। किसी काम के निष्पादन में दिमाग बहुत ही तेजी से कार्य करेगा।

### मीन

लोगों को कार्यक्षेत्र में कई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, इसलिए जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए इसकी पूर्व प्लानिंग करके काम करेंगे तो काम के बेहतर परिणाम मिलेंगे। व्यापारी अपने व्यवहार और वाणी को सौम्य बनाएं जिससे ग्राहक आपसे संतुष्ट रहें।

## स्वास्थ्य समाचार

# हर किसी की त्वचा पर काम नहीं करता एक जैसा फेस मास्क, स्किन टाइप के अनुसार कैसे चुनें सही फेस मास्क

हर किसी को सुंदर और उज्ज्वल चेहरा पसंद है। आज बाजार सौंदर्य उत्पादों से भरा हुआ है जहां हर तरह की स्किन के हिसाब से अलग-अलग प्रकार के स्किनकेयर उत्पाद मौजूद हैं। ऐसे में युवा दिखने से लेकर खूबसूरत त्वचा पाने तक के लिए भी अलग-अलग फेस मास्क हैं। वहीं कुछ ऐसे मास्क भी हैं, जो महीन रेखाओं और झुर्रियों को दूर भगा सकते हैं, आपकी त्वचा की टोनिंग कर सकते हैं। लेकिन प्रश्न ये है कि आप अपने लिए सबसे सही फेस मास्क का चुनाव कैसे करेंगे?



### ऑयली त्वचा के लिए क्ले मास्क

अगर आपके त्वचा बहुत ऑयली है और हर वक्त मुंहासों से भरी रहती है, तो क्ले मास्क आपके लिए एकदम सही हैं। ये मास्क आपकी त्वचा के अदर से ऑयल को सोख लेगा और गहराई से इसकी सफाई भी करेगा। वहीं ये फेस मास्क आपकी त्वचा से सभी अशुद्धियों को बाहर निकालने में भी मदद करते हैं। यह आपकी त्वचा को डिटॉक्स करके साफ कर देता है। इस तरह के मास्क सीबम उत्पादन को नियंत्रित करते हैं।

### सुस्त त्वचा के लिए एक्सफोलीएटिंग मास्क

ये सुस्त लोगों के लिए एकदम सही हैं और अगर आप हाइपरपिग्मेंटेशन से पीड़ित हैं, तो ये आपके लिए बहुत फायदेमंद है। ये मास्क मृत त्वचा कोशिकाओं और त्वचा की छिद्रों को बंद करने वाली अन्य अशुद्धियों को हटाने में मदद करते हैं। ये एक गहरी सफाई प्रदान करते हैं और यह आपके चेहरे पर एक चमक लाता है। हालांकि, ये आपकी त्वचा को शुष्क भी करते हैं। इसलिए बार-बार इसका इस्तेमाल करने से बचें।

### सेंसिटिव स्किन के लिए हाइड्रोजेल फेस मास्क


ये फेस मास्क सामान्य से लेकर संवेदनशील त्वचा वाले लोगों के लिए फायदेमंद है। यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट करने के लिए काम करता है और एक ताजा, सुखदायक और शीतलन प्रभाव के साथ आता है। ये मास्क त्वचा में नमी को लॉक करके इसे हाइड्रेट करने का काम करता है। एक ही समय में, यह आपकी त्वचा को कोमल बनाता है और लोच को बढ़ाता है, जिससे त्वचा कोमल और मुलायम हो जाती है।

### युवा दिखना के लिए स्लीपिंग मास्क

यह सभी प्रकार की त्वचा के लिए आदर्श है। जैसा कि नाम से पता चलता है, आप सोने से पहले इन मास्क को लगाएं। इसे रात भर लगा रहने दें और सुबह धो लें। ये अद्भुत एंटी-एजिंग लाभों के साथ आते हैं।

# ब्लड शुगर चेक करते समय इन गलतियों के कारण रीडिंग आ सकती है गलत, डायबिटीज रोगी बरतें सावधानी

संख्या के लिहाज से डायबिटीज दुनिया की सबसे बड़ी बीमारियों में से एक है। बहुत सारे लोगों को तो इस बात का पता भी नहीं होता है कि उन्हें डायबिटीज है। भारत में इसे शुगर की बीमारी भी कहते हैं। डायबिटीज हो जाने के बाद व्यक्ति को अपने ब्लड शुगर पर लगातार नजर रखनी पड़ती है, ताकि ब्लड शुगर बढ़ने या घटने पर उचित उपाय अपनाकर इसका लेवल मेनटेन किया जा सके। इसके लिए ग्लूकोज टेस्टिंग की जाती है। वैसे तो आजकल एडवांस ग्लूकोमीटर आ गए हैं, जिनसे रीडिंग सही आती है। लेकिन कई बार छोटी-मोटी गलतियों के कारण आपके ब्लड शुगर की रीडिंग कम आ सकती है, जिससे आपके स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है।



### बहुत गर्मी या ठंड

अगर मौसम बहुत ज्यादा गर्म हो या ठंडा हो, तो आपका ग्लूकोमीटर गलत रीडिंग दे सकता है। ठंडे मौसम में रीडिंग कम आने और गर्म मौसम में रीडिंग ज्यादा आने की अशंका रहती है। इसलिए आपको कोशिश करनी चाहिए कि ऐसी जगह बैठकर ब्लड शुगर रीडिंग लें, जहां तापमान अपेक्षाकृत न ज्यादा गर्म हो, न ज्यादा ठंडा हो। ब्लड शुगर घटने या बढ़ने पर कई संकेत दिखते हैं, जिनके बारे में आपको जानकारी होनी चाहिए।

### बिना हाथ धोए शुगर चेक करना

एक्सपर्ट्स के अनुसार आपको हमेशा अपने हाथ धोकर ब्लड शुगर चेक करना चाहिए क्योंकि कई बार आपके हाथ में धूल, मिट्टी, एल्कोहल या मीठी चीज लगी होने के कारण रीडिंग गलत आती है। अगर आपने ब्लड शुगर चेक करने से थोड़ी देर पहले कुछ खाया है, तो जाहिर है, उसका कुछ हिस्सा आपकी उंगलियों में चिपका रह जाएगा, जो रीडिंग गलत कर सकता है। इसलिए हमेशा हाथों को अच्छे से धोकर ही रीडिंग लें।

### हाथ में पानी लगा होना

हाथ को सिर्फ धोना नहीं, बल्कि अच्छी तरह सुखाना भी जरूरी है। ब्लड शुगर की रीडिंग के समय अगर आपके हाथ गीले हैं या उंगली में पानी लगा है, तो रीडिंग गलत आ सकती है।

### अगर आपको प्यास लगी है

शरीर में पानी की कमी हो यानी आपको प्यास लगी हो, तो रेड ब्लड सेल की संख्या कम हो जाती है। ऐसे में अगर आपने देर से पानी नहीं पिया है, तो आपकी रीडिंग गलत आ सकती है। तो पानी पीते रहें। पानी आपके ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखने के लिए भी जरूरी है।

### खाने के तुरंत बाद ब्लड शुगर चेक करना

अगर आप खाने के तुरंत बाद अपना ब्लड शुगर चेक करते हैं, तो आपका ब्लड शुगर हमेशा बढ़ा हुआ आएगा। इसलिए कभी भी आपको खाना, नाश्ता या कोई भारी चीज खाने के बाद तुरंत ब्लड शुगर नहीं चेक करना चाहिए। हमेशा खाने के 2-3 घंटे बाद ही ब्लड शुगर चेक करें या फिर अपने डॉक्टर से इस बारे में राय लें कि आपके लिए ब्लड शुगर चेक करने का सही समय क्या है।

### एक्सपायर हो चुकी स्ट्राइप्स का इस्तेमाल

ब्लड शुगर चेक करने के लिए जिन स्ट्राइप्स का इस्तेमाल किया जाता है, उनका बॉक्स खोलने के बाद उन्हें इस्तेमाल करने का एक निश्चित समय होता है, जो आमतौर पर एक महीना होता है। इसलिए बॉक्स को देखकर सुनिश्चित कर लें कि आप जिस स्ट्राइप का इस्तेमाल कर रहे हैं, वो एक्सपायर नहीं है, अन्यथा रीडिंग गलत आ सकती है।

# शारीरिक दुर्बलता जैसी समस्याओं में बेहद फायदेमंद है सफेद अपराजिता

अपराजिता, जिसका वानस्पतिक नाम है, ऐसा माना जाता है कि ये चीज बहुत से शारीरिक दुर्बलताओं को खत्म करने के लिए जानी जाती है। यह सफेद और नीले रंगों का होता है। नीली अपराजिता लोगों को आसानी से मिल जाती है लेकिन सफेद रंग की अपराजिता का मिलना दुर्लभ माना जाता है। श्वेत और नीले अपराजिता दोनों के गुण समान होते है। आयुर्वेद में अपराजिता को बहुत ही उपयोगी जड़ी बूटी के रूप में माना गया है। ये एक ऐसा पौधा है, जिसके कई औषधीय उपयोग है और साथ ही ये एक बहुत ही सुंदर घास से बनी होती है। आयुर्वेद के मुताबिक, अपराजिता का पौधा शरीर की संचार तंत्रिका और मनोवैज्ञानिक सिस्टम पर एक ही बहुत सुखदायक प्रभाव पड़ता है। अपराजिता, एक औषधी है, जिसका आयुर्वेद में अनेक रोगों के इलाज में प्रयोग होता आ रहा है। यह एक सुंदर सा दिखने वाला पौधा है, और इसके फूल का आकार गाय के कण जैसा होने से इसे गोकर्णिका भी कहा जाता है। दुनियाभर में अपराजिता पौधे के कई औषधीय रूपों में इस्तेमाल किया जाता हैं।

**अपराजिता पौधे के स्वास्थ्य लाभ :** मेध्या जड़ी बूटिया याददाश्त और लर्निंग जैसी चीजों को बेहतर बनाने में बहुत मदद करती है। इतना ही नहीं ये मस्तिष्क के विकास की समस्याओं और इम्पैरेड कॉग्निटिव फंक्शन जैसी समस्याओं से पीड़ित बच्चों के लिए बेहद फायदेमंद मानी जाती है। अपारिजता का प्रयोग डिटॉक्सिफिकेशन और मस्तिष्क की आल राउंड क्लीनिंग में भी काफी मदद करती है ऐसा माना जाता है कि अपराजिता शरीर के अंदर मौजूद विषाक्त पदार्थों के लिए ये एक ही बहुत प्रभावी उपचार है। इसके साथ-साथ इसका प्रयोग नर्वस सिस्टम को ठीक करने के लिए के लिए भी किया जाता है। अपराजिता पौधे की जड़ का लेप बनाकर अक्सर त्वचा पर प्रयोग किया जाता है, जिससे चेहरे की चमक बढ़ती है। यह आंखों पर एक बहुत ठंडा प्रभाव डालती है साथ ही आंखों की रोशनी में सुधार करने में मदद करता है। अपराजिता पौधा स्माल पॉक्स जैसी बीमारी में भी फायदेमंद माना जाता है। इसके अलावा यह स्पर्म जनरेशन,बुखार, दस्त, गेस्ट्राइटिस, मतली, उल्टी, जैसी आम स्थितियों में कारगर माना जाता है। यह हृदय और श्वसन प्रणाली को मजबूत बनाने में भी मदद करता है। उदर, कफ विकार, ज्वर, मूत्रविकार, शोथ, नेत्ररोग, उन्माद, आमवात, कुष्ठ, विष विकार में अपराजिता का भी उपयोग होता है। आधासीसी जैसी समस्या से जूझ रहे लोगों को अपराजिता की जड़, फली, बीज को बराबर भाग में लेना चाहिए। सभी को पीस कर थोड़ा पानी मिलाएं और इसकी कुछ बूंदे नाक में डालें।

## विराट हिन्दू सम्मेलन आज

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में सर्व हिन्दू समाज द्वारा आज 14 फरवरी 2026, शनिवार को लुंडिया बास स्थित पोद्दारों की बगीची में एक विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दुओं में समरसता, कुटुम्ब भाव, परस्पर स्नेहए समर्पण तथा भारतीय संस्कृति, को अपनाने हेतु प्रेरित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10:15 बजे रामस्नेही बालाजी मंदिर परमाणा ताल से निकाली जाने वाली कलश यात्रा के साथ होगा। कार्यक्रम में आचार्य कृपाचार्य महाराज का उद्बोधन तथा बालक बालिकाओं द्वारा रंगारंग नाट्य प्रस्तुति दी जायेगी तथा साधु संत एवं सुयोग्य जनों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में भारतीय समाज में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरण की सुरक्षा पर आधारित शिक्षाप्रद प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। आयोजन में भारतीय सभ्यता और संस्कृति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महापुरुषों के चित्र व सेल्फी प्वाइंट भी लगाए जाएंगे। विवेकानंद बस्ती की आयोजन समिति ने समस्त हिन्दू समाज से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## भूट्टा बने तहसील अध्यक्ष

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** कुरेशी महासभा संस्थान राजस्थान के अध्यक्ष हाजी मकबूल मंडेलिया ने सुजानगढ़ के फारूक भूट्टा कुरेशी को संस्थान के सुजानगढ़ तहसील अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। फारूक भूट्टा का यह कार्यकाल 31 दिसम्बर 2027 तक जारी रहेगा। वहीं इस नियुक्ति पर अनेक लोगों ने खुशी जाहिर की है और संगठन के आला पदाधिकारियों का आभार जताया है। शहर के इलियास खोकर, मोहम्मद रफीक खत्री, नूर मोहम्मद खान पहाड़ियान, शरीफरायान, शाहिद खान, मोहम्मद सलीम भुट्टा, जावेद भुट्टा, बिलाल भुट्टा, फिरोज खत्री आदि ने फारूक भूट्टा को बधाई दी है। वहीं संस्थान के प्रदेश पदाधिकारियों ने संगठन व समाज की मजबूती के लिए काम करने के निर्देश फारूक भूट्टा को दिए हैं।

## नवविवाहिता दुल्हन की कमरे में मिली लाश

निसं



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता की शादी के महज दो दिन बाद संदिग्ध हालात में मौत का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान नीलू चौहान के रूप में हुई है, जिसकी उम्र 22 वर्ष बताई गई है। नीलू चौहान उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की रहने वाली थी जिसका विवाह 9 फरवरी को सूरजगढ़ थाना क्षेत्र के सेही गांव निवासी धर्मेंद्र बुडानिया से हुआ था। शादी के दो दिन बाद ही नीलू संदिग्धावस्था में घर के कमरे में फंदे से लटकी मिली जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस घटना की गहनता से जांच कर रही है।

### मामला संवेदनशील मानते हुए मेडिकल बोर्ड गठित

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामला शादी के महज दो दिन बाद का होने के कारण इसे संवेदनशील माना जा रहा है। इसी वजह से शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड से कराया जाएगा ताकि मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सके।

### परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई

पुलिस ने मृतका के पीहर पक्ष को गोरखपुर में सूचना भेज दी है। परिजनों के मौके पर पहुंचने के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी हुई है और किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा।

## तीन दिवसीय फागोतस्व को लेकर बैठक आयोजित

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की लाल कुआं गिंदड़ आयोजन समिति द्वारा फागोत्स्व तीन दिवसीय स्नेहमिलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम फाग-2026 का आयोजन को लेकर कांग्रेस नेता हेमन्त सारस्वत के सानिध्य व समाजसेवी महेश सिमार की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। आयोजन समिति के ऐडवोकेट निर्मल भुढाढरा ने बताया की होली के अवसर पर 28 फरवरी से 2 मार्च तक तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया तथा आयोजन की रूपरेखा को लेकर चर्चा की गई। तीन दिवसीय कार्यक्रम के बारे में भुढ़ाढरा ने बताया कि तीन दिवसीय फाग-2026 के अंतर्गत प्रथम दिन हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा जिसमें प्रख्यात हास्य कवि हरीश हिंदुस्तानी के मंच संचालन में सुप्रसिद्ध हास्य कविगण अपनी प्रस्तुतियां देंगे व कार्यक्रम के दूसरे दिन मारवाड़ी म्यूजिकल ग्रुप, जयपुर के कलाकारों द्वारा राजस्थानी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी वहीं तीसरे दिन गायक एस. पी वर्मा के संचालन में श्री बर्बरीक श्याम म्यूजिकल ग्रुप, जयपुर व पाबूसर के सुप्रसि लोक कलाकारों द्वारा पारंपरिक चंग बांसुरी फाल्गुनी धमालों व राजस्थानी लोकगीतों से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। आयोजन को सफल एवं सुचारु रूप से सम्पन्न करवाने हेतु समिति परिवार से जुड़े कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस अवसर पर प्रहलाद राय इन्दौरिया, मदनलाल गोगासरिया, रामावतार सारस्वत, ललित चोटिया, विश्वजीत नौहाल, शरीफ छींपा, पवन सोनी, ललित कटारिया, गिरधारी सीमार, साबिर छींपा, ओमप्रकाश प्रजापत, प्रीतम चोटिया, गोपाल प्रजापत, जयेश भाटी, श्रेयांश भाटी, पूनमचंद प्रजापत सहित मोहल्ले के अनेक गणमान्यजन व फाग प्रेमी उपस्थित थे। वहीं उपस्थित जनों ने दो रोज पूर्व कार दुर्घटना में दिवंगत हुए सुप्रसिद्ध हास्य कवि एवं हास्य कलाकार केशरदेव मारवाड़ी की हुई अकाल मृत्यु पर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं हादसे मे घायल मारवाड़ी की धर्मपत्नी के स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रार्थना की गई।

## शिविर कल

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** लॉयन्स क्लब तारानगर की ओर से रविवार को सुबह 9 बजे जीआरटी हॉस्पिटल में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने बताया कि शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर की नेत्र विशेषज्ञ टीम अपनी सेवाएं देगी।

# भाजपा जयपुर शहर ने 44 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा कर संगठनात्मक मजबूती का दिया संदेश

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भाजपा जयपुर शहर संगठन ने अपनी नई 44 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा कर संगठनात्मक मजबूती का संदेश दिया है। इस सूची में 12 महिला कार्यकर्ताओं को स्थान देकर पार्टी ने महिला सशक्तिकरण और सभी वर्गों का समावेश किया है। जयपुर शहर भाजपा अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की स्वीकृति के बाद जारी की गई इस कार्यकारिणी में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। इसमें पूर्व पार्षद, पूर्व मंडल अध्यक्ष, पार्षद प्रत्याशी, पाक विस्थापित भाजपा के वरिष्ठ सदस्य, पूर्व जिला कार्यकारिणी सदस्य, पूर्व जिले के पदाधिकारी, पूर्व महिला मोर्चा के पदाधिकारी, किसान मोर्चा, एससी समाज के सदस्य को सदस्य बनाया गया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन ने जमीनी स्तर पर सक्रिय चेहरों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से संगठनात्मक गतिविधियों में नई ऊर्जा और व्यापक जनसंपर्क को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। सूची में कई ऐसे ही नाम शामिल हैं जो लंबे समय से संगठन से जुड़े रहे हैं और सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। गोयल ने बताया कि यह कार्यकारिणी संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण और सरकार की लोकप्रिय योजनाओं के प्रचार प्रसार को प्राथमिकताएं देगी। गोयल ने बताया कि अजय सिंह चौहान, सुरेंद्र प्रजापति, विजय शर्मा, राकेश गुर्जर, राजेन्द्र खरबास, दिनेश यादव, जगदीश चन्द्रावत, कैलाश जांगिड़, राजेन्द्र मेघवाल, पंकज कट्टा, आनन्द यादव, सुनील मिश्रा, महेश जांगिड़, राजेश सलोदिया, जया गौड़, रेखा सैन, अल्का खण्डेलवाल, नीलम अग्रवाल, स्नेहलता साबू, विजेता खडोलिया, प्रिया हल्दिया, राजकुमारी ब्रह्मभट्ट, शिल्पा शर्मा, आकांक्षा खाण्डल, श्याम सुन्दर अग्रवाल, मनोज रावत, रिंकू उमरवाल, राजेश अजमेरा, मुकेश जोशी, नीरज अग्रवाल, आशीष मेहता, हेमराज टाटीवाल, कमलेश पांचाल, दीप सिंह रावत, सत्येंद्र सतनाली, लव सिंह राठौड़, मेघना कुमावत, जितेंद्र शर्मा, संगीता शर्मा, बलराम सिंह शेखावत, अनमोल माथुर, हरीश शर्मा, शैलेश शाह, हेमंत चौहान के नाम से शामिल किए गए हैं।

## इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सेमिनार आयोजित



निसं

**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** इण्डियन मेडिकल एशोसिएशन नीम का थाना एवं जे. एनयू जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में सी. एम. ई का आयोजन किया गया। डॉ. राजेश जांगिड, सचिव आई. एम. ए. नीम का थाना ने सभी मेहमानों एवं डॉक्टर्स का स्वागत किया। जेएनयू जयपुर से डॉ. देवेंद्र लखोटिया अस्थि रोग विशेषज्ञ ने जोड़ प्रत्यारोपण, मनीष कौशिक ने स्तन कैंसर एवं डॉ. अपूर्व शास्त्री ने गुर्दे की पत्थरी के इलाज पर प्रकाश डाला। अंत में डॉ. हरबंस गोयाल ने सभी डॉक्टर का आभार व्यक्त किया एवं आई एम ए नीम का थाना की सदस्य संख्या बढ़ाने का आहवान किया। इस सी. एम. ही में मुख्य अतिथि डॉ. सुरेश शर्मा, आईएमए अध्यक्ष डॉ. हरवंश गोयल, आई एम. ए. सचिव डॉ. राजेश जाँगिड, डॉ. आर पी. यादव, डॉ. के. सी गोयल का जे. एन. यू. जयपुर के प्रतिनिधियौ द्वारा मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। इस आयुर्विज्ञान शिक्षा शिविर में डॉ. आनन्द कुमार, डॉ. अरुण फानन, डॉ. मुकेश सैनी, डॉ. असराम खटना, डॉ. आशिष महला, डॉ. बबीता महला, प्रियंका बौधरी, डॉ. शारदा मील, डॉ. हेमन्त कटारिया, डॉ. विनोद ढाका, डॉ. डॉ. दीपक कुण्डू, डॉ. मेघा कुण्डू, डॉ. कौशल यादव, डॉ. मोनिका माथुर साहित अनेक डॉक्टर ने भाग लिया।

## श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ महिला प्रकोष्ठ तहसील कार्यकारिणी गठित

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ महिला प्रकोष्ठ रतनगढ़ तहसील अध्यक्ष अम्बिका प्रसाद हारित व पर्यवेक्षक वासुदेव चाकलान ने कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें यशोदा शर्मा अध्यक्ष, मुन्नी शर्मा महामंत्री व ममता पारीक कोषाध्यक्ष का बनाया गया है। अध्यक्ष हारित द्वारा जारी कार्यकारिणी में पुष्पा शर्मा, सावित्री शर्मा, पुष्पा हरित, डॉ. संजू बाला, मैना पारीक, मंजुला चाकलान, कौशल्या उपाध्याय, शारदा सांखोलिया, भगवती दाधिच, भैरवी सारस्वत व शोभा महर्षि को महिला प्रकोष्ठ तहसील रतनगढ़ कार्यकारिणी संरक्षक मंडल में स्थान दिया है। कार्यकारिणी में सभाध्यक्ष सीता चुलेट, सह सभाध्यक्ष सन्तोष सारस्वत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशोदा शर्मा, उपाध्यक्ष ललिता दाधिच, सह मंत्री सुमन शर्मा, संगठन मंत्री अनिता महर्षि को पदाधिकारी बनाया गया है साथ ही बाईस सदस्यों अलका इंदौरिया, आनंदी चोटिया, विजयलक्ष्मी सिंवाल, अलका पंचारिया, संतोष पंचारिया, रेनू पारीक, सुमन बबेरवाल, उमा भोजक, भानुप्रिया, आशा गोड़, सुमन दाधिच, वीणा महर्षि, सुनीता महर्षि, राज श्री बील, मंजू शर्मा, नंदनी शर्माए सविता शर्मा, उमा चौपाल, उमा पंचारिया, संतोष पंचारिया, तनीषा उपाध्याय व सुनीता चंदनिया को कार्यकारिणी में प्रतिनिधित्व दिया गया है। पर्यवेक्षक वासुदेव चाकलान, पूर्व अध्यक्ष एवं सह संयोजक जगदेव कुमार सांखोलिया, जिला समन्वयक सुरेंद्र चुलेट, यशोदा शर्मा, मुन्नी शर्मा, योगेश मंडगिरा, सीता चुलेट व कार्यवाहक अध्यक्ष व संयोजक रामदेव चन्दनिया ने जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ दीपिका शर्मा चूरू व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा बावलिया चूरू की अनुसंशा पर श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ महिला प्रकोष्ठ तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष यशोदा शर्मा ने बताया कि शीघ्र महिला सशक्तिकरण, उत्थान हेतु कार्य योजना मिल बैठक बनाई जावेगी। जिस हेतु परिचय सम्मेलन रखा जावेगा। संगठन को विस्तार देने हेतु शीघ्र ही वार्ड अध्यक्ष व मंत्री एवं देहात स्तर पर भी ग्राम अध्यक्ष व मंत्री बनाये जायेंगे।

## धर्म स्थापना के लिए प्रभु लेते हैं पृथ्वी पर अवतार



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय दुलिया बास स्थित बृज धाम श्रीराधा कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में व्यास पीठ से महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने भगवान कृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनाते हुए भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन किया। स्वामी कानपुरी महाराज ने कहा कि भगवान की लीलाओं का श्रवण करने से ही पापों का नाश होता है। कानपुरी महाराज ने कहा कि भगवान की लीलाओं को समझना आसान नहीं है, इसलिए हमें भगवान का स्मरण और भगवान की लीलाओं का गुणगान करके पुण्य कमाना चाहिए।

उन्होंने राजा बलि, वामन अवतार, राम अवतार आदि के प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म का बोल बाला होता है, तब-तब भगवान पृथ्वी पर अवतार लेते हैं और धर्म की स्थापना करते हुए सज्जन व्यक्तियों का संरक्षण करते हैं। किशोर दास स्वामी ने बताया श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत कथा का आयोजन किया जा रहा है तथा कथा में कृष्ण भगवान की झांकी भी सजाई गई। वहीं आयोजन को सफल बनाने में भोल दास स्वामी, दुर्गादास स्वामी, लिखमीचंद स्वामी, रामचंद्र स्वामी, महेश स्वामी, बालचंद प्रजापत, करणी सिंह शेखावत, सरदार सिंह कासनिया, राजूदास दुजार, खड़कदास, पवन बागड़ी, नंदलाल जैगणीया सहित अनेकों लोग सहयोग कर रहे हैं।

## निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 21 को

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** निर्वाचन विभाग के निर्देशों के तहत 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन जो 14 फरवरी को किया जाना था अब वह 21 फरवरी शनिवार को किया जाएगा। कार्यवाहक जिला निर्वाचन अधिकारी कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा अंतिम प्रकाशन की तिथि में संशोधन किया गया है।

## महिलाओं ने मनाया फागोत्सव



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** वार्ड 25 में राधा सखी ग्रुप की ओर से महिलाओं ने फागोत्सव मनाया। महिलाओं ने फुलों व गुलाल से राधा रानी व कृष्ण संग फागोत्सव मनाया। इस दौरान महिलाओं ने फागोत्सव के एक से बढ़ कर एक भजन प्रस्तुत किए। कनिका शर्मा ने बताया कि फागोत्सव पर गणेश वन्दना, एकादशी की कथा, महाआरती की गई। इस दौरान फागोत्सव मनाया गया। महिलाओं ने भजनो पर गुलाल, इत्र अबीर गुलाब उड़ाते हुए फागोत्सव मनाया। महिलाओं ने ही एक से बढ़ कर एक भजनों की प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। एक दुसरे पर गुलाब इत्र गुलाल की बारिश की गई। इस दौरान सुनिता कोरखन्या, सरला स्वामी, अन्नू शर्मा, मन्नू शर्मा, सुशीला कुमावत, यशोदा टेलर, कौशल्या सामोता, नीतू अग्रवाल, मंजू लता वशिष्ट, सरोज कुमावत, मुन्नी शर्मा, सारदा टेलर सहित अनेक महिला, बच्चे व पुरुष मौजूद थे।

## चाइल्डहुड कैंसर डे : हर बच्चे को जिंदगी में जल्दी मौका मिलना चाहिए

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चाइल्डहुड कैंसर सबसे मुश्किल पब्लिक हेल्थ दिक्कतों में से एक है, इमोशनली और सोशली, दोनों तरह से। अक्सर इसे नजरअंदाज कर दिया जाता है क्योंकि कैंसर को अभी भी बड़े लोगों की बीमारी माना जाता है। यह हर साल भारत में हज़ारों बच्चों को प्रभावित करता है, जिसके परिवारों और समुदायों पर बहुत बुरे नतीजे होते हैं। अकेले राजस्थान में, हर साल लगभग दो लाख नए कैंसर के मामले सामने आते हैं और इनमें से 10 से 15: बच्चे होते हैं। इसका मतलब है कि राज्य में हर साल लगभग 20 से 30 हजार परिवारों को चाइल्डहुड कैंसर का पता चलता है। सीनियर कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजी फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल जयपुर डॉ. दिवेश गोयल ने कहा कि कैंसर से पीड़ित लगभग 70 प्रतिशत बच्चे ठीक हो सकते हैं अगर बीमारी का जल्दी पता चल जाए और सही इलाज हो। दुर्भाग्य से, लक्षणों की देर से पहचान होने के कारण कई मामले हमारे पास देर से पहुँचते हैं। राजस्थान में, ब्लड कैंसर बच्चों में सबसे आम है, खासकर पाँच साल से कम उम्र के बच्चों में। चाइल्डहुड कैंसर डे एक याद दिलाता है कि जल्दी एक्शन लेने से छोटी जानें बचाई जा सकती हैं। जब डायग्नोसिस में देरी होती है तो बीमारी धीरे-धीरे बढ़ती है और इलाज ज्यादा मुश्किल हो जाता है। जब इलाज स्पेशलिस्ट की एक कोऑर्डिनेटेड टीम द्वारा गाइड किया जाता है, तो बच्चों के ठीक होने और लंबे समय तक जीवित रहने की संभावना कहीं ज्यादा होती है। बचपन के कैंसर को हमेशा रोका नहीं जा सकता हैए लेकिन समय पर एक्शन और स्ट्रक्चर्ड केयर से कई छोटे बच्चों की जान बचाई जा सकती है।

## मेले की समीक्षा बैठक में उपखण्ड अधिकारी ने पालिका को लगाई फटकार

निसं



**रींगस ( नवयत्न )।** 21 से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाले खाटूश्यामजी मेले को लेकर उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता ने नगर पालिका के सभागार में अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में 30 जनवरी को आयोजित बैठक की पालना को लेकर विभिन्न विभागो की प्रगत्ति रिपोर्ट मांगी गई। उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता ने नगर पालिका की सफाई व्यवस्था व अतिक्रमण को लेकर गहरी नाराजगी जताते हुए अधिकारियो को फटकार लगाई। सफाई व अतिक्रमण को लेकर एसडीएम ने तुरन्त कार्रवाही करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता ने बिजली, पानी, साफसफाई, पेचवर्क, सुलभ केन्द्र, सुरक्षा की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये। जैतूसर रोड पर तुरन्त प्रभाव से सड़क का पेचवर्क, रोशनी सफाई का सख्त निर्देश दिया। वहीं कस्बे के रास्ते व नगर पालिका व खाटू रोड पर जगह जगह सुलभ केन्द्र, रोशनी की व्यवस्था करने तथा भण्डारा पाण्डालों पर विशेष चौकसी बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि भण्डारा स्थलों, विश्राम स्थलों पर साफ सफाई की पुख्ता व्यवस्था रखते हुए रोशनी, शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश दिया। कस्बे के विभिन्न मार्गों का पेचवर्क करने की हिदायत दी। बैठक में नगर पालिका, पुलिस विद्युत निगम, जलदाय विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग ग्गाम पंचायत के अधिकारी मौजूद थे।

## जैन समाज को प्रतिनिधित्व नहीं देने से नाराजगी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान जैन सभा, राजस्थान जैन युवा महासभा, अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, श्री धर्म जागृति संस्थान जयपुर सहित कई संस्थाओं ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर जैन साधु-साध्वियों के लंबी दूरी के पैदल विहार के दौरान रास्ते में उनके ठहरने, प्रवचन व आहार आदि के लिए भूमि व भवन आवंटन और सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने को गठित जिला स्तरीय कमेटी में जैन समुदाय का उचित प्रतिनिधित्व प्रदान करने की मांग की है। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि भाजपा सरकार के संकल्प पत्र व राजस्थान सरकार के माध्यम से जारी आदेश अनुसार सरकार जैन साधु-साध्वियों के पैदल विहार के दौरान रास्ते में उनके ठहरने, प्रवचन करने, आहार चातुर्मास आदि के लिए भूमि आवंटित व समुचित सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराएगी। जिसके निमित्त जिला स्तर पर जिला स्तरीय कमेटियों का गठन किया जा रहा है। इसमें जयपुर जिले में अतिरिक्त जिला कलेक्टर तृतीय की अध्यक्षता में कमेटी का गठन हुआ है । जिसमें जिले के सम्बन्धित उपखंड अधिकारियों, पुलिस उपाधीक्षकों, सम्बन्धित तहसीलदार को सदस्य व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को सदस्य सचिव बनाया गया है परंतु जैन समुदाय से किसी भी व्यक्ति को कमेटी में शामिल नहीं किया गया हैए जो कि उचित नहीं है। राजस्थान जैन सभा सहित अन्य संस्थापक ने मांग की है कि उक्त कमेटी में जैन समुदाय का भी प्रतिनिधित्व हो और कमेटी द्वारा जल्द जैन समुदाय की जिला स्तर पर मीटिंग बुलाकर भूमि आवंटन की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया जाए।

# भाजपा विधायक की टिप्पणी पर विधानसभा में हंगामा

## बोले-कांग्रेसी डाकू है, कांग्रेस एमएलए ने गाया राम का भजन

जयपुर।

विधानसभा में शुक्रवार को बजट पर बहस के दौरान भाजपा विधायक गोपाल शर्मा की टिप्पणियों पर हंगामा हुआ। विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान को गाडगिल फॉर्मूले में लाने वाले प्रणब मुखर्जी थे, जिनकी कांग्रेस विधायक दल की बैठक में आपने निंदा की थी।

इस दौरान कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा- आप कांग्रेस-नेता चोर हो, मतलब कांग्रेस नेताओं को ही चुरा लेते हो। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा- यह रिकॉर्ड में जाना चाहिए, आप कह रहे हो कांग्रेस नेता चोर है। गोपाल शर्मा ने कहा- कांग्रेस नेता चोर नहीं डाकू है। गोपाल शर्मा की इस टिप्पणी पर हंगामा हो गया। देर शाम सदन की कार्यवाही 16 फरवरी तक स्थगित कर दी।



### एक पूर्व मंत्री को जेल भेजा दूसरे को क्यों छोड़ दिया

गोपाल शर्मा ने कहा- मेरे पास कांग्रेस राज के आठ लाख करोड़ के घोटाले का ब्यौरा है, इसे मैं साथ लेकर आया हूं। एक पूर्व मंत्री को जेल भेज दिया तो दूसरे पूर्व मंत्री को क्यों छोड़ दिया वो छाती ठोक ठोककर कहते हैं हिम्मत है तो जेल भेजो।

### अभद्र-इशारा करने वाले एमएलए की सदस्यता खत्म करने की मांग

इससे पहले विधानसभा में गुरुवार को शून्यकाल के दौरान अभद्र इशारा करने वाले कांग्रेस एमएलए रोहित बोहरा के खिलाफ स्पीकर जांच के बाद कार्रवाई करेंगे। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा- यह मामला गंभीर है। हमें यूट्यूब पर आठ करोड़ जनता देखती है।

विधायक करीब दो-ढाई लाख मतदाताओं के वोट लेकर निर्वाचित होकर आता है। सदन की अपनी मर्यादा होती है, उसका पालन हो। मैं इस पूरे मामले के वीडियो को देखूंगा। वीडियो गरिमा के अनुकूल नहीं होगा तो आगे कार्रवाई होगी।

आज भाजपा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने रोहित बोहरा के अभद्र इशारे का मामला उठाते हुए स्पीकर से कार्रवाई की मांग की। बोहरा से माफी मंगवाने और आगे कार्रवाई करने का मुद्दा उठाया। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने इस पर सहमित जताते हुए कहा- रोहित बोहरा का आचरण मर्यादा के अनुसार नहीं था। इस पर कार्रवाई हो। ऐसा व्यक्ति सदस्य रहने लायक नहीं है।

### डिप्टी सीएम मूल सवाल से पहले ही देने लगे सप्लीमेंट्री का जवाब

प्रश्नकाल के दौरान डिप्टी सीएम और परिवहन मंत्री प्रेमचंद बैरवा सवाल का जवाब देने के दौरान गलती कर गए। बैरवा भाजपा विधायक कल्पना देवी के लाडपुरा क्षेत्र में सड़क सुरक्षा मापदंडों के उल्लंघन से जुड़े सवाल का जवाब देने खड़े हुए। इस दौरान बैरवा मूल सवाल की जगह संभावित सप्लीमेंट्री सवाल का जवाब पढ़ने लगे। इस पर भाजपा विधायक कल्पना देवी ने टोकते हुए कहा- यह तो मैंने अभी पूछा ही नहीं। स्पीकर ने टोकते हुए कहा कि आप गलत जवाब पढ़ रहे हैं। जवाब यह नहीं है। डिप्टी सीएम ने तत्काल गलती मानते हुए माफी मांगी। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने तंज कसते हुए कहा कि इन्हें पहले से ही सप्लीमेंट्री सवाल का पता कैसे लगा?

### मंत्री बोले- जल जीवन मिशन घोटाले में आईएएस पर केस

विधानसभा में जल जीवन मिशन घोटाले को लेकर नोकझोंक हो गई। भाजपा एमएलए राजेंद्र मीणा के सवाल के जवाब में जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने जल जीवन मिशन की गड़बड़ियों पर कार्रवाई का जिक्र किया। मंत्री ने कहा- जल जीवन मिशन में जो भी दोषी हैं, उन सबके खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। पूर्व जलदाय मंत्री के खिलाफ कार्रवाई हुई है। अभी जो आईएएस अधिकारी हैं, तत्कालीन एसीएस हैं, उनके खिलाफ भी हमने एसीबी में मुकदमा दर्ज करवाया है। जो कोई दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। मंत्री के जवाब के बाद गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- आईएएस अफसर का नाम बताइए। केवल गोलमाल किया जा रहा है, नाम बताइए। इसी बीच स्पीकर ने कहा- नाम थोड़े ही बताया जाता है।

### दिलावर बोले- ग्रेड थर्ड टीचर के जिलों से बाहर ट्रांसफर का कोई प्रावधान नहीं होता

ग्रेड थर्ड शिक्षकों के तबादलों को लेकर भाजपा के गोविंद प्रसाद के सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- तबादला नीति बनने के बाद ही ग्रेड थर्ड शिक्षकों के तबादलों पर विचार होगा।

इस पर नेता प्रतिपक्ष ने सवा दो साल में भी तबादला नीति नहीं बनाने पर सवाल उठाए तो शिक्षा मंत्री ने पलटवार करते हुए कहा- भाजपा राज में 2018 में तो 2200 से ज्यादा तबादले किए थे।

# चांदी दो दिन में 24 हजार सस्ती हुई

## एक किलो चांदी 2.42 लाख पर आई, सोना आज 2,885 गिरकर 1.53 लाख प्रति 10 ग्राम हुआ

नई दिल्ली।

सोने-चांदी के दाम में 13 फरवरी को लगातार दूसरे दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 16,700 रुपए कम होकर 2,42,433 रुपए पर आ गई है। इससे पहले गुरुवार को ये 2,59,133 रुपए किलो थी। वहीं 2 दिन में इसकी कीमत 24 हजार रुपए गिर चुकी है। 11 फरवरी को चांदी 2,66,449 रुपए किलो पर थी। वहीं, आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 2,885 रुपए गिरकर 1,52,765 रुपए पर आ गई है। इससे पहले गुरुवार को ये 1,55,650 रुपए प्रति 10 ग्राम था। सर्राफा बाजार में 29 जनवरी को सोने ने 1,76,121 रुपए और चांदी ने 3,85,933 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

### 44 दिन में सोना 19,570 और चांदी 12,013 महंगी हुई

इस साल अब तक सोने की कीमत 19,570 रुपए बढ़ चुकी है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,33,195 रुपए का था, जो अब 1,52,765 रुपए हो गया है। वहीं, चांदी 12,013 रुपए महंगी हो गई है। 31 दिसंबर 2025 को एक किलो चांदी की कीमत 2,30,420 रुपए थी, जो अब 2,42,433 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है।

### 2025 में सोना 75% और चांदी 167% महंगी हुई

2025 में सोना 57 हजार रुपए (75%) बढ़ा है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1,33,195 रुपए हो गया। चांदी इस दौरान 1.44 लाख रुपए (167%) बढ़ी। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी 86,017 रुपए की थी, जो साल के आखिरी दिन 2,30,420 रुपए प्रति किलो हो गई। सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है-़4524। हॉलमार्किंग से पता चलता है कि सोना कितने कैरेट का है।

# राजस्थान- शराब समझकर जहरीला केमिकल पीया, 4 की मौत

## दावा- शादी वाले घर से छुपाकर लाए थे बोतलें

भीलवाड़ा।

राजस्थान के भीलवाड़ा में 5 लोगों ने शराब समझकर जहरीला केमिकल पी लिया। इनमें तीन महिलाओं सहित 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार सभी मजदूर हैं और शादी वाले घर से शराब की बोतलें समझकर ये केमिकल ले आए थे। हादसा जिले के अलोली गांव में गुरुवार देर रात को हुआ।

**अपने घर पर पीया केमिकल**-आलोली निवासी हरदयाल सिंह ने बताया - 10 फरवरी को परिवार में शादी थी। घर के बाहर खेत में पांडाल लगाया गया था। अगले दिन कुछ लोग खाने लेने घर आए और यहां साफ-सफाई की। बर्तन साफ करने के लिए केमिकल मंगवाया गया था। घर लौटते समय वे कई बोतलें अपने साथ ले गए। आशंका है कि 12 फरवरी की शाम को घर पर इनमें से कुछ लोगों ने ये केमिकल पी लिया था।

**सभी की हॉस्पिटल में मौत**-कुछ मिनटों बाद ही इनकी हालत बिगड़ने लगी। पड़ोसियों ने उन्हें गंगापुर हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। जहां गुरुवार रात को जमनी (60) शंकर कंजर, रतन (42) पुत्र मिश्री लाल कंजर और उसकी पत्नी सुशीला (40) की मौत हो गई। वहीं, दो महिलाओं को भीलवाड़ा के हॉस्पिटल रेफर किया था। इनमें बादामी (60) पत्नी जानकी लाल ने रास्ते में दम तोड़ दिया। सनू (22) पत्नी पप्पू लाल कंजर की हालत गंभीर है।

# राहुल गांधी किसान संगठनों के नेताओं से मिले

नई दिल्ली।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में देशभर के किसान संगठनों के नेताओं से मुलाकात की। इस बैठक में भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने और किसानों व खेत मजदूरों की रोजी-रोटी बचाने की जरूरत पर बात हुई। किसान नेताओं ने इस व्यापार समझौते का विरोध किया। उनका कहना था कि समझौते से मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवे उगाने वाले किसानों की रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा। कांग्रेस के अनुसार, राहुल गांधी ने कहा कि इस समझौते से कृषि उत्पादों के आयात का रास्ता खुल गया है। आगे अन्य फसलें भी इससे प्रभावित हो सकती हैं। बैठक में इस समझौते के विरोध में बड़े स्तर पर राष्ट्रीय आंदोलन करने पर बात हुई।

# 58 साल की शादी को तोड़ने से हाईकोर्ट का इनकार

## कहा- मामूली अनबन, झगड़े सबके होते हैं; तलाक मंजूर करने से पूरा परिवार आहत होगा

जयपुर।

राजस्थान हाईकोर्ट ने 75 साल से अधिक आयु के दंपती की 58 साल पुरानी शादी को तोड़ने से इनकार करते हुए अहम टिप्पणी की है। जस्टिस सुदेश बंसल और जस्टिस अनिल कुमार उपमन की खंडपीठ ने पति की अपील खारिज करते हुए कहा कि वैवाहिक जीवन में मामूली अनबन, झगड़े और उतार-चढ़ाव को तलाक के लिए क्रूरता का आधार नहीं माना जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि इस स्तर पर तलाक की मंजूरी से न केवल पत्नी, बल्कि पूरे परिवार की गरिमा और प्रतिष्ठा प्रभावित हो सकती है। कोर्ट ने यह आदेश फैमिली कोर्ट, भरतपुर के आदेश के खिलाफ दायर पति की अपील को खारिज करते हुए दिया। पति की ओर से तलाक याचिका और अपील में कहा गया था कि पत्नी ने उसके खिलाफ 2014 में दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कराया। जिसे झूठा मानते हुए पुलिस ने एफआर लगा दी थी। हालांकि इस झूठे मुकदमे से उसे बदनामी और अपमान का सामना करना पड़ा। वहीं पत्नी उनकी अचल संपत्ति केवल बड़े बेटे के नाम ट्रांसफर करना चाहती है। जबकि वह इस संपत्ति को अपने दोनों बेटों में बराबर बांटना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि उनकी पत्नी वास्तव में बड़े बेटे के प्रभाव में है और उसके साथ खुशी से रह रही है, लेकिन वह उनकी परवाह नहीं करती और उनके लिए दो वक्त का खाना भी नहीं बनाती।

# भारत-पाक मैच में बारिश की आशंका

## 15 फरवरी को कोलंबो में 24 घंटे बारिश का अनुमान

नई दिल्ली।

भारत-पाकिस्तान वर्ल्डकप मैच का मजा बारिश बिगाड़ सकती है। टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में दोनों टीमें 15 फरवरी को कोलंबो में भिड़ने वाली हैं, लेकिन इस दिन शहर के 60% इलाकों में बारिश का अनुमान है। अगर ऐसा हुआ तो फैंस क्रिकेट की बड़ी राइवलरी को मिस कर देंगे। टीम इंडिया आज (13 फरवरी) रात 9.30 बजे कोलंबो पहुंच जाएगी। वहीं पाकिस्तान टीम अपने सभी मैच कोलंबो में ही खेल रही है। टीम ने अमेरिका और नीदरलैंड को शुरुआती मुकाबले हराए। वहीं भारत ने अमेरिका और नामीबिया को हराया।

15 फरवरी को 24 घंटे बारिश 15 फरवरी को पूरे 24 घंटे बारिश का अनुमान है। सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक 60% से 50% तक बारिश हो सकती है। मैच के दौरान शाम 7 से रात 12 बजे तक भी 10 से 20% तक बारिश की अनुमान जताया गया है।

# राजस्थान में फिर बारिश की संभावना

## धूप कमजोर होने से दिन में हल्की सर्दी, तापमान में 4 डिग्री तक गिरावट



जयपुर।

राजस्थान में मौसम फिर बदल सकता है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में अगले सप्ताह एक पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो सकता है। इससे हल्की बारिश होने की संभावना है।

वहीं, गुरुवार को हल्के बादल छाने से तापमान में गिरावट हुई। इससे सुबह-शाम सर्दी महसूस हुई। सीकर, चूरू, फतेहपुर में न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री तक गिरावट दर्ज हुई।

फतेहपुर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि बाड़मेर, चित्तौड़गढ़ में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।

### बादल छाए, ठंडी हवा चली

पिछले 24 घंटे में सभी जिलों में आसमान में हल्के बादल छाए। मौसम विशेषज्ञों ने बताया- एक वेस्टर्न डिर्स्टबेंस के असर से ये बादल छाए, लेकिन सिस्टम कमजोर होने और ह्यूमिडिटी का लेवल कम होने से बारिश नहीं हुई। बादलों के बीच कुछ शहरों में हल्की ठंडी हवाएं चली, जिससे तापमान में गिरावट हुई।

### न्यूनतम तापमान 4 डिग्री तक गिरा

न्यूनतम तापमान में भी गिरावट हुई। शेखावाटी के एरिया सुबह-शाम हल्की सर्द हवा चली, जिससे पारा 4 डिग्री तक गिर गया। फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 5 .9, चूरू में 9 .4, सीकर में 9 .5, करौली, पाली में 9 .6 और लूणकरणसर में 7 .9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर, बाड़मेर, फलोदी, जालौर, प्रतापगढ़ में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।

### बदलेगा मौसम, हल्की बारिश की संभावना

अगले दो सप्ताह का पूर्वानुमान जारी किया है। इसमें अगले सप्ताह प्रदेश के मौसम में बदलाव होने की संभावना जताई है। इस दौरान एक वेस्टर्न डिर्स्टबेंस के असर से राज्य में कहीं-कहीं बादल छाने के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं सर्दी का पूर्वानुमान जारी करते हुए 15 फरवरी के बाद प्रदेश में सर्दी का असर और कम होने और अधिकतम-न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज होने की संभावना है।

# पुलिस ने 15 हजार के इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

जयपुर।

ट्रैक्टरों की खरीद-फरोख्त में लाखों रुपए की धोखाधड़ी कर फरार चल रहे 15 हजार के इनामी बदमाश पप्पू नाई को गिरफ्तार कर लिया। बदमाश को राजस्थान पुलिस की सीआईडी (क्राइम ब्रांच) ने उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के बरसाना से गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले करीब 8 साल से पुलिस को चकमा दे रहा था। सीआईडी (सीबी) की एसपी ज्येष्ठा मैत्रयी ने बताया कि आरोपी पप्पू पुत्र नत्थी नाई गिरफ्तारी से बचने के लिए यूपी के अलग-अलग शहरों में अपनी पहचान छिपाकर नाई की दुकानों पर काम कर रहा था। वह साधारण जीवन जीकर पुलिस की नजरों से बचने की कोशिश करता रहा।

### भतीजी की शादी में पहुंचा, पुलिस ने बिछाया जाल

उन्होंने बताया- पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी अपने भाई की बेटी की शादी में शामिल होने बरसाना आया है। इसके बाद टीम ने गोवर्धन-छाता रोड पर घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।

# नैतिकता के बिना विकास से बढ़ेगा सामाजिक असंतुलन : राष्ट्रपति मुर्मु

नई दिल्ली।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को नई दिल्ली में अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि नैतिकता के बिना आर्थिक और तकनीकी विकास समाज में असंतुलन पैदा कर सकता है। इस अवसर पर उन्होंने ब्रह्म कुमारी के राष्ट्रव्यापी अभियान 'सशक्त भारत के लिए कर्मयोग' की शुरुआत की और गुरुग्राम स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर के रजत जयंती समारोह का भी शुभारंभ किया।



### भौतिक प्रगति के साथ नैतिक मूल्यों का समेकन जरूरी

राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि संतुलित और समग्र विकास के लिए भौतिक प्रगति के साथ नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता का समावेश आवश्यक है। आर्थिक प्रगति जहां समृद्धि को बढ़ावा देती है, वहीं तकनीकी प्रगति नवाचार, दक्षता और प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है। उन्होंने कहा कि ये दोनों मिलकर एक समृद्ध राष्ट्र की नींव रखते हैं, लेकिन नैतिकता के अभाव में यही विकास असंतुलन का कारण बन सकता है।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि अनैतिक आर्थिक प्रगति धन और संसाधनों के केंद्रीकरण, पर्यावरण को नुकसान और कमजोर वर्गों के शोषण का कारण बन सकती है। उन्होंने चेताया कि नैतिक मूल्यों के बिना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल मानवता के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि आध्यात्मिकता हमें आधारभूत मूल्य और नैतिक ढांचा प्रदान करती है, जो कर्मयोग यानी निस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि सत्यनिष्ठा, करुणा, अहिंसा और दूसरों की सेवा जैसे सद्गुण शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज निर्माण के लिए आवश्यक हैं। जब विचार आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित होते हैं, तो व्यक्ति स्वार्थ से ऊपर उठकर सर्वकल्याण की भावना से कार्य करता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि यदि देश का नेतृत्व आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित हो, तो प्रशासनिक निर्णय न्यायपूर्ण और निष्पक्ष होंगे। ऐसे निर्णय किसी एक वर्ग के हित में नहीं, बल्कि सभी के कल्याण के लिए होते हैं। इससे समाज में विश्वास और स्थिरता को बल मिलता है।

# नई सीपीआई सीरीज से राहत के संकेत : महंगाई दर 4% से नीचे रहने की उम्मीद

नई दिल्ली

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) की नई सीरीज में भी महंगाई दर 4 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे रहने की उम्मीद है। यह नई सीरीज भारत में लोगों के बदलते खर्च के तरीके को बेहतर ढंग से दिखाएगी और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार नीति बनाने में मदद करेगी। शुक्रवार को जारी बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

बीओबी की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि मुख्य महंगाई (कोर इंफ्लेशन) पर नजर रखना जरूरी है, क्योंकि सोना-चांदी जैसी कीमती धातुओं की कीमतों में बढ़ोतरी का खतरा बना रहता है। हालांकि, नई सीरीज में अलग-अलग चीजों का संतुलित महत्व (वेटेज) रखा गया है, जिससे महंगाई 4+/-2 प्रतिशत के दायरे में रहने की उम्मीद है। बैंक ने कहा कि नई सीरीज से महंगाई का मुख्य आंकड़ा ज्यादा सही और आधुनिक होगा, जो मौद्रिक नीति (ब्याज दर जैसे फैसले) के लिए महत्वपूर्ण है। नई सीरीज में खाने-पीने की चीजों के मौसमी उतार-चढ़ाव को बेहतर तरीके से शामिल किया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आगे चलकर सरकार के आपूर्ति से जुड़े कदम खाद्य महंगाई को नियंत्रित रखने में मदद करेंगे। बैंक ऑफ बड़ौदा के जरूरी वस्तु सूचकांक (ईसीआई) के अनुसार, फरवरी 2026 के पहले 11 दिनों में जरूरी चीजों की कीमतों में सालाना आधार पर 0.4 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। केवल कुछ खाद्य तेल और दालों को छोड़कर बाकी खाद्य पदार्थों की कीमतें अभी नियंत्रण में हैं।



नई सीरीज में पहले की तुलना में खाद्य महंगाई में बदलाव देखा गया है। पुरानी सीरीज में पिछले सात महीनों से खाद्य महंगाई घट रही थी, लेकिन नई सीरीज में इसमें हल्की बढ़ोतरी दिखी है। बैंक ने इस बदलाव का कारण सीपीआई की सबसे अस्थिर टोकरी, यानी टमाटर, प्याज और आलू जैसी सब्जियों के भार में कमी को बताया है।

नई सीरीज में वस्तुओं की संख्या 299 से बढ़ाकर 358 कर दी गई है। इसमें 1,465 ग्रामीण और 1,395 शहरी बाजारों के साथ 12 ऑनलाइन बाजारों को भी शामिल किया गया है, और सीपीआई बास्केट में खाद्य पदार्थों का भार 45.8 प्रतिशत से घटाकर 40.1 प्रतिशत कर दिया गया है।

वहीं ग्रामीण आवास, ऑनलाइन मीडिया और स्ट्रीमिंग सेवाएं, मूल्य वर्धित डेयरी उत्पाद, जौ, पेनड्राइव और एक्सटर्नल हार्ड डिस्क जैसी चीजें जोड़ी गई हैं। वहीं रेडियो, टेप रिकॉर्डर, डीवीडी प्लेयर और पुराने कपड़े जैसी पुरानी चीजें हटा दी गई हैं।

# यूपी में एक करोड़ महिलाओं की पेंशन बढ़ेगी

## योगी बोले- जो वंदे मातरम नहीं गाए, उसे कान पकड़कर बाहर करो

लखनऊ।

यूपी विधानमंडल में बजट सत्र का आज 5वां दिन है। राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए ष्टरूयोगी ने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा- हम 1.06 करोड़ निराश्रित महिलाओं को पेंशन दे रहे हैं। अभी उन्हें 12 हजार सलाना मिलता है। जल्द ही हम इसे बढ़ाने वाले हैं। परसों (15 फरवरी) इसका ऐलान वित्त मंत्री सुरेश खन्ना कर देंगे। सीएम के इस ऐलान के बाद महिलाओं, वृद्धों और दिव्यांगजनों की पेंशन 1000 हजार रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपए होगी। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में भी इसकी घोषणा की थी। इससे पहले सीएम ने वंदे मातरम का जिक्र किया। कहा- सपा और कांग्रेस के सांसदों ने वंदे मातरम का विरोधा किया। लेकिन वंदे मातरम का अपमान कोई नहीं कर सकता। ये हिंदुस्तान की खाएंगे, लेकिन वंदे मातरम नहीं गाएंगे। ऐसे लोगों को यहां रहने का अधिकार नहीं है। जो इसका विरोध करता है, उसका कान पकड़कर बाहर करना चाहिए। सीएम ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय से कहा- आप उचित बात करते हैं, लेकिन पता नहीं क्यों आपके और संजय निषाद के बीच रंजिश चल रही है।

## ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत एक दर्जन दुकानों पर छापामारी

**जयपुर ( नवयत्न )।** मादक पदार्थ की रोकथाम के लिए पुलिस कमिश्नरेट के आदेश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत शहर के विभिन्न थानों की स्पेशल टीम और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक दर्जन से अधिक दुकानों पर छापेमारी कर ई.सिगरेट बरामद की है। संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने अलग-अलग जगहों से 8 जगह पर ई-सिगरेट बरामद की है। स्पेशल टीमों ने ई-सिगरेट जब्त कर अग्रिम कार्रवाई के लिए संबंधित पुलिस को सौंप दिया। स्पेशल कमिश्नर राहुल प्रकाश ने बताया कि पिछले कुछ समय से शिकायत मिल रहीं थी स्कूल एकॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र ई-सिगरेट का इस्तेमाल कर रहे है। शिकायत का सत्यापन करने के लिए सीएसटी के जवानों को सादा वर्दी में करीब एक दर्जन दुकानों की निगरानी में लगाया गया। इसके बाद सीएसटी और थानों की स्पेशल टीमों के सहयोग से एक साथ दबिश दी गई। विभिन्न टीमों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जवाहर सर्किल से दुकानदार मोहित को ई-सिगरेट बेचते हुए दबोचा। जिसके बाद से टीम ने 6 ई-सिगरेट बरामद की । उसने पुलिस को बताया कि वैशाली नगर का एक युवक सप्लाई देकर गया है। बजाज नगर व प्रताप नगर में दो व्यक्तियों को 2-2 ई-सिगरेट के साथ दबोचा। इसी तरह करणी विहार व चित्रकूट में दो जनों को 1-1 सिगरेट के साथ गिरफ्तार किया। विधायकपुरी इलाके में दो जगह दबिश देकर दो आरोपियों को 35 ई-सिगरेट के साथ हिरासत में लिया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपित दिल्ली से ई-सिगरेट लाकर जयपुर में बेचते था। मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 43 ई-सिगरेट व 16 रिफिल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित ने दिल्ली से ई-सिगरेट लाकर जयपुर में बेचना स्वीकार किया है।

## रामपुरा डाबड़ी, चौमूं व हरमाडा में बनेगें नए थाने

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस कमिश्नरेट में अब रामपुरा डाबड़ी में नया थाने बनने जा रहा है इसी के साथ चौमूं व हरमाड़ा इलाके के थाने के पुराने निर्माण को जमीदोंज कर नया थाना बनाया जाएगा। तीनों थाने बनने के बाद जयपुर पुलिस कमिनश्रेट में 78 थाने हो जाएंगे। बताया जा रहा है कि सरकार ने एक दिन पहले ही बजट घोषणा में नए थाने के निर्माण की बात कहीं है। पुलिस कमिश्नर सचिन ने बताया कि रामपुरा डाबड़ी पुलिस थाना चौमूं व हरमाड़ा के क्षेत्र के पुराने थाने को तोड़कर नया निर्माण किया जाएगा। बताया जा रहा है कि चौमूं थाने का इलाका काफी बड़ा है। जिसमें साल के करीब 15 सौ रजिस्ट्रेशन होते है। गौरतलब है कि हरमाड़ा थाने के क्षेत्र से पहले पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर दौलतपुरा पुलिस थाना बनाया था। इसके साथ ही बजट घोषणा में जयपुर में चाकसू में कादेड़ा, झोटवाड़ा में बोबास व त्रिवेणी नगर चौकी बनाने की घोषणा की है। जयपुर कमिश्नरेट में दो साइबर थाने खोलने की भी घोषणा की है। तीनों पुलिस थाने बनने के बाद जयपुर कमिश्नरेट में 78 पुलिस थाने हो जाएंगे। वर्तमान में कमिश्नरेट में चार जिले हैं, जिनमें 68 पुलिस थाने संचालित हैं। इनके अलावा चारों जिलों में 4 महिला थानाए 1 साइबर क्राइम थाना, 1 मेट्रो व 1 पर्यटन थाना सहित कुल 75 थाने संचालित है।

## माली-मैदला गैंग के सदस्य स्पा सेंटरों से मांग रहे है रंगदारी

**जयपुर ( नवयत्न )।** बजाज नगर थाना इलाके में माली-मैदला गैंग के सदस्य स्पा सेंटर पर रंगदारी मांगने पहुंचे। लेकिन इसकी भकन पुलिस को लग गई। जैसे ही पुलिस आरोपियों को दबोचने के लिए पहुंची तो गैंग के सदस्य पॉश कॉलोनी में 100 की रफ्तार से बोलेरो कार चला कर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों की बोलेरा कार का पीछा भी किया । लेकिन गैंग के सदस्य त्रिवेणी नगर, कीर्ति नगर, बरकत नगर और अर्जुन नगर की संकरी गलियों से होकर भागे। गनीमत रही कि तेज रफ्तार के बावजूद कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस की नाकाबंदी में पकड़े जाने के डर से आरोपी अर्जुन नगर रेलवे लाइन के पास बोलेरो कार छोड़कर अंधेरे और नाले का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने हरियाणा नंबर की बोलेरो जब्त कर ली है। प्रारंभिक जांच में वाहन में आरव चौधरी, टीटी चौधरी और अंकित यदुवंशी उर्फ बाली के मौजूद होने की जानकारी सामने आई है। गौरतलब है कि माली-मैदला गैंग ने मालवीय नगर, लाल कोठी, ज्योति नगर और गांधी नगर क्षेत्रों के स्पा सेंटरों और होटलों को भी निशाना बनाया है, जहां रंगदारी नहीं मिलती, वहां तोड़फोड़ और मारपीट कर दहशत फैलाने की रणनीति अपनाई जा रही है। बताया जा रहा है कि यही गैंग पहले प्रताप नगर इलाके में एक होटल के बाउंसरों पर गाड़ी चढ़ाकर जान से मारने की कोशिश कर चुका है। उस मामले में जेल जाने के डर से आरोपियों ने समझौता कर कोर्ट में माफी मांग ली थी। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है

## ई-रिक्शा से बैटरी चुराने वाला शातिर गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी की ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने ई-रिक्शा की बैटरी चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की गई बैटरी भी बरामद की है। पकड़ा गया आरोपी इलाके का ही रहने वाला है और सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस की पकड़ में आया। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त उत्तर करन शर्मा ने बताया कि ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने ई-रिक्शा की बैटरी चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश नवरतन महावर 35 निवासी ब्रजराज की डूंगरी ब्रह्मपुरी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से परिवादी के ई-रिक्शा से चोरी की गई बैटरी बरामद कर ली है, जिसे उसने अपने ई-रिक्शा में लगा रखा था। पुलिस अब आरोपी से यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि उसने शहर के अन्य किन इलाकों में इस तरह की वारदातों को अंजाम दिया है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी हेमन्त जनागल के साथ पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की मुख्य भूमिका रही, जिन्होंने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर महज 24 घंटे में वारदात का खुलासा कर दिया। थानाधिकारी हेमन्त जनागल ने बताया कि परिवादी अशरफनिवासी जलमहल ब्रह्मपुरी ने 11 फरवरी 2026 को थाने में मामला दर्ज करवाया है कि उसके ई-रिक्शा से अज्ञात चोर बैटरी चुरा ले गए हैं। वहीं वारदात की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त उत्तर-प्रथम नीरज पाठक और सहायक पुलिस आयुक्त आमेर सुरेन्द्र सिंह राणावत के निर्देशन में थानाधिकारी हेमन्त जनागल के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास के दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए स्थानीय मुखबिरों और आसूचना संकलन का सहारा लेते हुए आरोपी को पकडा।

## बिमटेक ने अपने कैंपस में टेडगबिमटेक का आयोजन किया

**जयपुर ( नवयत्न )।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी बिमटेक ने अपने कैंपस में टेडगबिमटेक का आयोजन किया। डिकोडिंग टुमारो थीम के तहत आयोजित इस मंच पर 9 विशिष्ट वक्ताओं ने बदलते कल और आने वाले समय की दिशा पर अपने विचार छात्रों के साथ साझा किए। बिमटेक की डायरेक्टर डॉ. प्रबीना राजीब ने कहा, टेडगजैसे वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त ज्ञान-साझा मंच की मेजबानी कर हमने एक बार फिर यह साबित किया है कि हमारा संस्थान ऐसे विचारों का केंद्र है, जो बदलाव की दिशा तय करते हैं और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। दीपा कृष्णन हेड ऑफ मार्केटिंग-रियल एस्टेट, एडलवाइस अल्टरनेट एसेट एडवाइजर्स ने 5 मंत्र ऑफएन इनोवेशन माइंडसेट साझा करते हुए श्बीटा ब्रेन की अहमियत पर प्रकाश डाला।

# ट्रेड डील व कथित एपस्टीन फाइल्स पर एनएसयूआई का प्रदर्शन

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** एनएसयूआई राजस्थान ने शुक्रवार को जयपुर स्थित शहीद स्मारक पर भारत-अमेरिका ट्रेड डील और कथित एपस्टीन फाइल्स के मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ सांकेतिक प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और काले गुब्बारे उड़ाकर दिन को काला दिन बताया।

प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में निर्णय ले रहे हैं, जिससे छोटे व्यापारी, किसान और मजदूर प्रभावित होंगे। उन्होंने आशंका जताई कि यदि अमेरिकी उत्पादों को शून्य टैरिफ पर प्रवेश मिला तो भारतीय बाजार में प्रतिस्पर्धा कठिन हो जाएगी। जाखड़ ने कहा कि संसद में ट्रेड डील की शर्तें सार्वजनिक की जाए और इस पर विस्तृत चर्चा हो। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने का अवसर नहीं दिया जा रहा। प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित यादव ने कहा कि युवाओं को देश की संप्रभुता से जुड़े मुद्दों पर सजग रहना चाहिए। संगठन ने चेतावनी दी कि जब तक समझौतों की शर्तें सार्वजनिक नहीं होंगीए विरोध जारी रहेगा।

# पोसवाल के समर्थन में किया धरना प्रदर्शन मामले की जांच एसओजी से करवाने की मांग

निसं




**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नया बास स्थित पथिक सेवा आश्रम, मंदिर परिसर में तोड़फोड़ व पुजारी के साथ कथित मारपीट की घटना के आरोपियों को तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार करने की मांग को लेकर एडीएम कार्यालय पर सैंकड़ों लोगों ने सांकेतिक धरना देकर प्रदर्शन किया। इससे पहले लाडनू बस स्टेंड से लोग नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में एडीएम कार्यालय पर पहुंचे। जहां पर महावीर पोसवाल को न्याय दो, पुलिस प्रशासन इंसाफ करो के नारे लगाए गए। कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया के नेतृत्व में प्रदर्शन कर व एक घंटे तक सांकेतिक धरना देकर लोगों ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि सुजला क्षेत्र के लोग इस ज्ञापन के माध्यम से अपना आक्रोश जाहिर कर रहे हैं कि 31 जनवरी को संस्थान कार्यालय, मंदिर में माईक व मशीन को लेकर पुजारी के साथ मारपीट हुई और तोड़फोड़ की गई। इसी प्रकार दूसरे दिन 1 फरवरी को संस्थान के प्रमुख महावीर पोसवाल के घर में घुसकर लड़ाई झगड़ा किया। साजिश के तहत 40-50 लोगों ने कार्यालय में घुसकर कर्मचारी पुजारी से मारपीट व तोड़फोड़ की। ज्ञापन में मामले की जांच क्राईम ब्रांच या एसओजी से करवाये जाने की मांग की गई है और बताया गया है कि यह महावीर पोसवाल पर तीसरा हमला है। इसलिए हमला करने वाले लोगों को तुरंत गिरफ्तार किया जावे। इस दौरान तेजपाल गोदारा, सिराज खान कायमखानी, सागर मेघवाल, बंशीलाल गुर्जर, मनोज बोकण, जगदीश प्रसाद, संतोष, छोटू देवी, माया, ज्योति, प्रदीप, शंकर, मनसुख गुर्जर, गोविंद कसाणा, चैनरूप गुर्जर सहित अनेक समाजों के लोग मौजूद रहे।



# शहीद परिवारों का सम्मान समारोह 16 को

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** सालासर में होने वाले चूरू जिला समस्त शहीद परिवार सम्मान समारोह का जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कलेक्टर कार्यालय में पोस्टर विमोचन किया। आयोजन कमेटी के डॉ लादूसिंह राव व भरत सैन ने बताया कि सोमवार को सालासर में चूरू जिले में अब तक शहीद हुए वीरों के परिजनों का सम्मान समारोह आर एन संस्थान में दोपहर 2 बजे होगा। इस दौरान धर्मवीर पुजारी, मनोज शर्मा, भंवरलाल प्रजापत, सोहन लोमरोड़, श्रवण ढिढारिया, दीपचंद आदि मौजूद रहे।

## अवैध हथियार सहित एक बाल अपचारी निरुद्ध

**जयपुर ( नवयत्न )।** भांकरोटा थाना पुलिस ने ऑपरेशन आग के तहत अवैध हथियार समेत एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देशी पिस्टल व एक मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपित अवैध पिस्टल धौलपुर से जयपुर बेचने के लिए लाया था पुलिस गिरफ्तार आरोपी से अवैध हथियार खरीद-फरोख्त करने वालों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहीं है। उपायुक्त पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि ऑपरेशन आग के तहत अवैध हथियार खरीद-फरोख्त करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया है।

जिसमें भांकरोटा थाना पुलिस ने तकनीकी सहायता व मुखबिर की सूचना पर गुलमोहर गार्डन के पास दबिश दी। दबिश के दौरान गुलमोहर गार्डन के पास दो .तीन व्यक्ति खड़े मिले। एक व्यक्ति के हाथ में प्लास्टिक का केरी बैग था। जिसे वो झाड़ियों में छुपाने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने युवक को पकड़कर केरी बैग की तलाशी ली तो उसमें रखी अवैध देशी पिस्टल बरामद हुई।

## भगवान आदिनाथ का ज्ञान कल्याणक, श्रेयांसनाथ का जन्म व तप कल्याणक मनाया

**जयपुर ( नवयत्न )।** जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का ज्ञान कल्याणक दिवस तथा 11वें तीर्थंकर भगवान श्रेयांसनाथ का जन्म व तप कल्याणक शुक्रवार को शहरभर में श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया। दिगम्बर जैन मंदिरों में अभिषेक, शांतिधारा और विशेष पूजा-अर्चना के आयोजन हुए। अभादिजैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि प्रात: अभिषेक के बाद विश्व शांति और समृद्धि की कामना से शांतिधारा की गई तथा ज्ञान कल्याणक व जन्म-तप कल्याणक अर्घ्य चढ़ाए गए। शांतिनाथ जी की खोह स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र में एक हजार वर्ष प्राचीन प्रतिमा का मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक कर अष्टद्रव्य पूजा की गई। शहर के जयसिंहपुरा खोर, चूलगिरी, सांगानेर, सूर्यनगर सहित विभिन्न मंदिरों में भी विशेष आयोजन हुए। शनिवार को 20वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ का मोक्ष कल्याणक एवं निर्वाणोत्सव मनाया जाएगा।


### कार्यालय ग्राम पंचायत प्रतापपुरा

क्रमांक:- ग्रा.पं./ई-निविदा/2025-26/16 दिनांक:- 6/2/2026

**ई-निविदा सूचना 2025-26/प्रतापपुरा**

पंचायत समिति झुन्झुनू की ग्राम पंचायत प्रतापपुरा में एमएलए लेड/पन्द्रहवां वित आयोग/राज्य वित आयोग षष्ठम मद योजना अन्तर्गत स्वीकृत निम्नलिखित कार्य को सम्पादित करने हेतु पंचायराज अधिनियम 1996 के नियम 181 (2) के अन्तर्गत तथा राजस्थान लोक उपापन पादर्शिता नियम 2013 के अनुसार राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के विभागों में पंजीकृत एवं अधिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं प्राधिकृत फर्मों से ई निविदाएँ (Work Tender) आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबधित समस्त जानकारी कार्यालय समय में ग्राम पंचायत प्रतापपुरा के कार्यालय एवं
http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

1. निविदा आवेदन डाउनलोड करने/ऑनलाईन जमा करवाने की तारीख — दिनांक 10.02.2026 दोपहर 2:00 बजे से दिनांक 16.02.2026 दोपहर 2:00 बजे तक।
2. ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख व समय व स्थान — दिनांक 17.02.2026 दोपहर 2:00 बजे
3. निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एंव धरोहर राशि के डीडी जमा कराने की तिथि व समय — 17.02.2026 प्रात: 11:00 बजे ग्राम पंचायत प्रतापपुरा

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | निविदा शुल्क रूपये | प्रोसेसिंग शुल्क रूपये | धरोहर राशि रूपये |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम प्रतापपुरा में प्रतापपुरा से जयपहाड़ी की ओर जाने वाले रास्ते पर 250 मीटर इन्टरलॉक सड़क निर्माण कार्य | 10 | 500 | 500 | 20000 |
| 2 | ग्राम प्रतापपुरा में हंसराम के घर से रामनिवास खटकड के घर की और 250 मीटर इन्टरलॉक सड़क निर्माण कार्य | 10 | 500 | 500 | 20000 |

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत प्रतापपुरा
पंचायत समिति झुन्झुनूं

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत प्रतापपुरा
पंचायत समिति झुन्झुनूं


# मंदिरों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** खोराबीसल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंदिरों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह पर्दाफाश किया है और साथ ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब आधा किलो चांदी के आभूषण नकदी व अन्य चोरी का सामान बरामद किया गया है। आरोपी दिन में रेकी कर रात में वारदात को अंजाम देते थे और परिचित से उधार ली गई बोलेरो गाड़ी का इस्तेमाल करते थे। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि खोराबीसल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंदिरों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह के शातिर बदमाश मोहनलाल सैनी 32 निवासी समोदा जिला ग्रामीण, मंगल चंद सैनी उर्फ बलदेव 26 निवासी कालाडेरा जयपुर ग्रामीण और सुवालाल चौधरी उर्फ सुनील मारवाड़ी 43 निवासी सीकर को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया मालए सोने-चांदी के छत्र, नकदी व ताले तोड़ने के औजार रॉड आदि बरामद किए गए। जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी पवन मीणा ने अपने रिश्तेदार से बोलेरो उधार लेकर वारदात को अंजाम दिया। एक नाबालिग आरोपी को गोविंदगढ़ थाना पुलिस ने निरुद्ध किया है, जबकि पवन मीणा की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी चोरी, नकबजनी और एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने आधा दर्जन से अधिक मंदिरों में चोरी की वारदात कबूल की है। मामले में अन्य वारदातों के खुलासे की संभावना है। कार्रवाई में खोराबीसल थाना पुलिस, जिला विशेष टीम व साइबर शाखा की विशेष भूमिका रही। थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि 8 फरवरी 2026 को मंशारामपुरा निवासी रामलाल शर्मा अध्यक्ष ग्वाला बाबा सेवा समिति ने थाना में मामला दर्ज करवाया था कि चार चोरों ने मंदिरों के ताले तोड़कर छत्र, मुकुट, सिंहासन, कटोरी, सीतामाता की नथ, एक छत पंखा तथा शिव मंदिर का दानपात्र चोरी कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है।

## धानुका ग्रुप द्वारा भारत विकास परिषद् शाखा को ई-रिक्शा भेंट

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** भारत विकास परिषद् की शाखा द्वारा किए समाज सेवा सहित अन्य सेवार्थ क्षेत्र मे किये जा रहे कार्यों एवं पर्यावरण के क्षेत्र में किये वृहद् वृक्षारोपण कार्यों से प्रभावित होकर धानुका ग्रुप, नई दिल्ली के चेयरमैन एमेरिटस रामगोपाल धानुका ने परिषद द्वारा लगाये वृक्षों को पानी देते वकत होने वाली परेशानी को समझते हुये परिषद की स्थानीय शाखा को एक ई रिक्शा भेंट किया। धानुका आदर्श विद्या मंदिर प्रांगण में हुए एक संक्षिप्त सादे कार्यक्रम में धानुका ग्रुप के चेयरमैन महेन्द्र कुमार धानुका, विद्या भारती राजस्थान क्षेत्र के संगठन मंत्री गोविंद कुमार, क्षेत्रीय खेल प्रमुख सत्यनारायण मिश्रा की उपस्थिति में भारत विकास परिषद् के प्रांतीय उपाध्यक्ष वासुदेव चाकलान व जिला सहसमन्वयक वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा को ई रिक्शा की चाबी व कागजात सौपे। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष सत्यनारायण टेलर ने धानुका समूह द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में किए गए अतुलनीय सहयोग पर उनका आभार प्रकट किया।


### नोटिस हर आम व खास

हस्व हिदायत मेरे मुवकिल विजय सिंह शेखावत पुत्र सुगन सिंह शेखावत जाति राजपूत निवासी ग्राम हँसासर तहसील व जिला झुंझुनू (राज.)। यह कि सर्व साधारण को जरिए नोटिस सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र देवेन्द्र सिंह शेखावत पुत्र विजय सिंह उम्र 31 वर्ष जाति राजपूत निवासी वार्ड नं 04, बिहाइन्ड द डाइट जीत नगर, तहसील व जिला झुन्झुनूं जो कि अब आज कल मार-पिटाई व अनुचित प्रवृति के व्यक्तियो के साथ रहता है। आए दिन मेरे साथ झगड़ा करता रहता है। इसलिए अब मेरे पुत्र का मेरी किसी भी प्रकार की चल व अचल संपति से किसी भी प्रकार का कोई सरोकर नही है। मैंने मेरे पुत्र देवेन्द्र सिंह शेखावत को मेरी संपूर्ण संपति व घर से बेदखल कर दिया है मेरे साथ उसका किसी प्रकार का कोई रिश्ता नही है। आज दिनांक 13-2-2026 के बाद मेरे पुत्र देवेन्द्र सिंह शेखावत से कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का सम व्यवहार करता है तो मेरी किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी नही है। वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**एडवोकेट अजय सिंह, मो. 9351551111**

### OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION I SIKAR

No. 7039 Date 06-02-2026

**Notice Inviting Bid No. 45/2025-26**

Bids for 03 (Three Nos.) Work are invited from interested bidders upto 06:00 PM dated 16.02.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 38.71 Lac.
**NIB No.** PWD2526A5574
**UBN No.** PWD2526WSOB22696, PWD2526WSOB22697, PWD2526WSOB22698

**Executive Engineer**
DIPR/C/3005/2026 PWD Dn. I Sikar

### कार्यालय नगरपालिका खाटूश्यामजी जिला-सीकर

khatushyamji.jaipur@gmail.com

क्रमांक :-नपाखा/2026/3473 दिनांक : 10.02.2026

**निविदा सूचना - NIB-5/2025-26**

नगरपालिका खाटूश्यामजी द्वारा संवेदकों/संस्थाओं को सूचित किया जाता हैं कि श्री श्याम फाल्गुन मेला 2026 के लिये विभिन्न कार्यो हेतु ऑफलाईन निविदा दिनांक 10.02.2026 से 17.02.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबधित सभी विवरण व शर्तें कार्यालय समय तथा वेबसाईट http:www.sppp.rajasthan.gov.in व पर देखी जा सकती है।
UBN:-DLB2526SSOB33856, 57

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका खाटूश्यामजी

राज.संवाद/सी/25/19808

### Office of Executive Engineer Watershed Development and Soil Conservation Dept. Dhod

ई-मेल-pia.iwmp.sik.dhod@gmail.com

No.:- 431-39 Date: 04.02.2026

**NOTICE INVITING BID**

**Tender No 13 Year 2025-26**

Bids for Construction work in MJSA-2.0 IInd Phase Area in Block- Dhod in District Sikar Rajasthan are invited from interested bidders from Date 04.02.2026 Time 10:00 AM to Date 16.02.2026 Time 6:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and https://water.rajasthan.gov.in/wdsc
**NIB No.** WSC2526A1553
**UBN No.-** WSC2526WSOB02697

**(Surendra Kumar Meel)**
Executive Engineer
DIPR/C/2724/2026 WD&SC-Dhod

## गुर्जर बने जिला प्रभारी खेल प्रकोष्ठ

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी खेल प्रकोष्ठ ने अपने संगठन जिला प्रभारियों की सूची जारी करते हुए प्रदेश महासचिव डॉ शीशराम गुर्जर को जिला प्रभारी कोटपुतली बहरोड़ लगाया है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की सहमति पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमीन पठान ने डॉ शीशराम गुर्जर को जिला प्रभारी कोटपुतली बहरोड़ बनाया है और आदेशित किया गया है कि जल्द ही जिला कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक लेकर जिले में कांग्रेस को मजबूती दिलाने और संगठित करने का कार्य करेंगे। वहीं 17 तारीख को विधानसभा घेराव को लेकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को आने के लिए प्रेरित करेंगे। इस पर पूर्व मंत्री और विधायक हिंडोली अशोक चांदना और विधायक सुरेश मोदी ने फोन से बधाई दी। वहीं जिला अध्यक्ष इंद्राज गुर्जर, पूर्व मंत्री रामस्वरूप कसाना, पूर्व मंत्री शंकुतला रावत आदि ने गुर्जर को जिला प्रभारी नियुक्त होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## रामदेव बाबा मंदिर को लाउडस्पीकर भेंट




निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत जाजोद खेड़ी सरपंच द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र भेंट किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिंदू स्वाभिमान टीम श्रीमाधोपुर के कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम पंचायत जाजोद खेड़ी में स्थित रामदेव बाबा मंदिर में एक कम्प्लीट लाउडस्पीकर सेट ग्राम सरपंच महेंद्र कुड़ी के सौजन्य से लगाया गया। माइक सेट लगाते समय मंदिर पुजारी श्रवण कुमार, विशाल बोहरा, दीपचंद वर्मा, झाबर मल, हरीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## गुरुग्राम विधायक एवं उपाध्यक्ष हरियाणा ओलम्पिक संघ शर्मा का किया स्वागत



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अजीतगढ़ के मुख्य चौपड़ बाजार में गुरुग्राम से खाटूश्यामजी तक जा रही पदयात्रा का अजीतगढ़ कस्बे के मुख्य चौपड़ बाजार में भव्य स्वागत अभिनन्दन, सम्मान किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को गुरुग्राम से निकली पदयात्रा में शामिल गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा एवं पद यात्रियों का स्वागत किया। गुरुग्राम विधायक एवं ओलम्पिक संघ शर्मा ने स्वागत, अभिनन्दन, सम्मान से अभिभूत होकर कहा कि उनकी यह 31वीं पदयात्रा है। आज जो अजीतगढ़ कस्बे में कस्बेवासियों द्वारा स्वागत-सत्कार किया गया है उसके लिए उन्होने हृदय से आभार व्यक्त किया। इसके बाद विधायक शर्मा ने अजीतगढ़ कस्बे स्थित बाबा खाटूश्याम मंदिर के दर्शन किए एवं पूजा-अर्चना की, जहां पर मंदिर के पुजारी संजय शर्मा ने दुपट्टा पहनाकर विधायक का स्वागत-अभिनन्दन, सम्मान किया। विधायक शर्मा ने मंदिर कमेटी को 11 हजार रुपये दान-स्वरुप देकर अपनी धार्मिक आस्था और विश्वास का परिचय दिया। इस अवसर पर जितेन्द्र जांगिड़, पूर्व उपाध्यक्ष मनोज खंडेलवाल, विमल जोशी, कृष्ण मुरारी सिपुरिया, सांवर मल, अनिल, नीलकमल शिखवाल, राजेश जांगिड़, दिनेश जांगिड़, मोतीराम जांगिड़, ओमप्रकाश जांगिड़, सुनील जांगिड़, रोहित भारद्वाज, हरिशंकर सिपुरिया समेत अनेक गणमान्य मौजूद थे।

## विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढोढसर में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कक्षा 10 व 12 परीक्षा के प्रवेश के दौरान उत्साह पूर्ण एवं अनुशासित माहौल नजर आया। विद्यालय प्रशासन के द्वारा परंपरागत स्वागत करते हुए परीक्षार्थियों के रोली अक्षत से तिलक लगाकर स्वागत किया और मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुभकामनाएं प्राप्त की। केंद्राधीक्षक राजेश कुमार अंकुर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा में ध्यान रखने वाली सावधानियां एवं निर्देशों के बारे में बताएं। इस अवसर पर सभी कार्मिक, अभिभावक और परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

# ऑस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. प्रवीण हिसारिया ने दी बड़ी जानकारी

# गठियाबाय के इलाज में कार-टी तकनीक बन सकती है वरदान

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित चिकित्सक और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े सरकारी रॉयल एडिलेड हॉस्पिटल के क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. प्रवीण कुमार हिसारिया ने कहा है कि आने वाले पांचदृछह वर्षों में कैंसर की तरह गठियाबाय रूमेटाइड आर्थराइटिस जैसी ऑटोइम्यून बीमारियों की रोकथाम के लिए कार-टी कार-टी सेल थेरेपी एक प्रभावी विकल्प बनकर सामने आ सकती है। उन्होंने इसे गठियाबाय मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं बताया। डॉ. हिसारिया 11 वर्षों बाद अपने गृह नगर झुंझुनू जिले के नवलगढ़ कस्बे में पहुंचे।

जहां उन्होंने विप्र मंडल द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सेवाएं दीं। यह शिविर उनके दादा स्वर्गीय सीताराम हिसारिया की स्मृति में उनके पिता शशि हिसारिया की ओर से आयोजित किया गया था। शिविर में लगभग 200 से अधिक मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया गया। डॉ. हिसारिया ने बताया कि कार.टी सेल थेरेपी वर्तमान में मुख्य रूप से ब्लड कैंसर के उपचार में उपयोग हो रही है। यह तकनीक शरीर की प्रतिरक्षा कोशिकाओं टी सेल्स को संशोधित कर बीमारी से लड़ने के लिए सक्षम बनाती है। उन्होंने बताया कि रूमेटाइड गठिया जैसी बीमारियों में शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली गलती से अपने ही जोड़ों पर हमला करती है। ऐसे में कार-टी तकनीक भविष्य में उन गलत बी.सेल्स को समाप्त कर सकती है। जो ऑटोएंटीबॉडी बनाकर सूजन और दर्द का कारण बनती हैं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि गठियाबाय में इसका उपयोग अभी शोध और क्लिनिकल ट्रायल के चरण में है। लेकिन प्रारंभिक अध्ययनों में सकारात्मक संकेत मिले हैं। इससे पहले मंडावा से आए महाराज गणेश चैतन्य ने दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया। विप्र मंडल के ओमप्रकाश सर्राफ, रामस्वरूप बासोतिया, मुरारीलाल, नरोत्तम शर्मा, शेखर मिश्रा, महेश मिश्रा, पवन नागवान ने शिविर में सहयोग दिया। वहीं अंत में राकेश हिसारिया व संदीप हिसारिया ने आभार जताया।

### हर जोड़ का दर्द हड्डी का रोग नहीं

डॉ. हिसारिया ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि हर जोड़ का दर्द केवल ऑर्थोपेडिक समस्या नहीं होता। कई बार यह ऑटोइम्यून बीमारी का संकेत हो सकता है। इसलिए सही बीमारी की पहचान कर क्लिनिकल इम्यूनोलॉजिस्ट या रूमेटोलॉजिस्ट जैसे विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श लेना जरूरी है। उन्होंने चिकित्सा परिपाटी में बदलाव की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सही निदान ही सही उपचार की कुंजी है। गठियाबाय के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली, अस्वस्थ खान.पानए धूप से दूरी और आनुवंशिक कारण इसके प्रमुख कारक हैं। उन्होंने लोगों को नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और पर्याप्त धूप लेने की सलाह दी।

### विशेषज्ञों ने दी निःशुल्क सेवाएं

इस स्वास्थ्य शिविर में निरमया हेल्थ केयर जयपुर के क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी एवं रूमेटोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. बनवारी शर्मा तथा एसएमएस जयपुर के विशेषज्ञ डॉ. अविनाश जैन ने भी मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया। कार्यक्रम में ओमप्रकाश सर्राफए शेखावाटी फाउंडेशन के राष्ट्रीय प्रभारी पशुपति कुमार शर्मा, राकेश लाटा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने चिकित्सकों का सम्मान किया।



### इम्यून सिस्टम को श्रीसेट करेगा कार-टी

डॉ. हिसारिया के अनुसार, यदि कार-टी तकनीक गठियाबाय में सफल होती है। तो यह केवल लक्षणों को नियंत्रित करने तक सीमित नहीं रहेगी। बल्कि इम्यून सिस्टम को श्रीसेट कर लंबे समय तक रोग को शांत रखने में सक्षम हो सकती है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अभी बड़े स्तर के शोध और परीक्षण बाकी हैं, लेकिन चिकित्सा विज्ञान इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित चिकित्सक की यह जानकारी गठियाबाय मरीजों के लिए नई आशा लेकर आई है। आने वाले वर्षों में कार-टी तकनीक यदि सफल होती है। तो यह ऑटोइम्यून बीमारियों के उपचार में एक ऐतिहासिक बदलाव साबित हो सकती है। अभी निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता। लेकिन संभावना है कि अगर शोध सफल रहा, तो यह कुछ मरीजों में लंबे समय तक बीमारी को शांत कर सके। कार-टी सेल थैरेपी का उपयोग अभी मुख्य रूप से कैंसर में होता है।

# मंदिर को व्यक्ति विशेष के कब्जे से मुक्त करवाने की मांग को लेकर निकाली रैली

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नया बास स्थित शिव शक्ति मंदिर से कथित अवैध कब्जे हटाकर मामले की सघन जांच कर सार्वजनिक भूमि पर अस्थायी प्रशासनिक व्यवस्था करने की मांग की गई है। इस हेतु नया बास के बड़ी संख्या में लोगों ने शिव शक्ति मंदिर पर एकत्रित होकर रैली निकाली और मंदिर को मुक्त करवाये जाने सम्बंधी नारेबाजी करते हुए गांधी चौक होकर गणेश मंदिर और वहां से उपखंड अधिकारी कार्यालय पर पहुंचे।

जहां पर उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को चूरू जिला कलक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर बताया कि करीब 40 साल पहले तत्कालीन विधायक रामेश्वरलाल भाटी के कार्यकाल में मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन का निर्माण हुआ था। उसके बाद 2023-24 में विधायक कोष से हॉल व कमरों का निर्माण हुआ है। लेकिन महावीर पोसवाल नामक व्यक्ति ने अपनी निजी संस्थान का का यहां पर कार्यालय खोल लिया और अवैध कब्जा कर लिया। जिसके कारण मंदिर में नियमित पूजा अर्चना और धार्मिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।

इसलिए सर्वसमाज के इस मंदिर को व्यक्ति या संस्था विशेष के अवैध कब्जे से मुक्त करवाया जावे और मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया जावे। इसी प्रकार जांच अवधि के दौरान मंदिर के अभिलेखों को सुरक्षित रखने के लिए दिश निर्देश जारी किए जावें। जांच उपरांत मंदिर से अवैध कब्जेधारियों को हटाया जावे और विधि सम्म्त कार्यवाही की जावे। उपखंड अधिकारी से मोहल्ले की महिलाओं ने कहा कि महिलाओं के साथ अभद्रता करने वाले महावीर पोसवाल को तत्काल गिरफ्तार किया जावे। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षद तनसुख प्रजापत, नरेंद्र प्रजापत, राधा देवी, अमिता बगड़िया, मनीष मालपानी, जगदीश, दूलीचंद, अनिल, कालूराम, गोमती, भागीरथ, भींवाराम सहित बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरूषों की भीड़ मौजूद रहे। इसके बाद सभी लोग एडीएम कार्यालय पर भी गए और ज्ञापन सौंपकर सार्वजनिक मंदिर को व्यक्ति विषेश के कब्जे से मुक्त करवाने की मांग की।

# विनियम-2026 के समर्थन में अजाक ने सौंपा ज्ञापन

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** डॉ. अंबेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी-कर्मचारी एसोसिएशन अजाक तहसील इकाई द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के श्उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने वाले विनियम-2026 को प्रभावी रूप से लागू करने की मांग को लेकर रतनगढ़ उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

अजाक महासचिव सुभाष महरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि तहसील अध्यक्ष शिव कुमार गाडगिल के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में उच्च शिक्षा संस्थानों में सामाजिक न्याय, समावेशिता एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इन विनियमों के माध्यम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजनों एवं वंचित वर्गों के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को भेदभावमुक्त, सम्मानजनक एवं सुरक्षित शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराया जा सकेगा। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में राकेश कुमार नायक, शिवाराम मेघवाल, भंवरलाल साँवा, अनिल कंवल, महावीर प्रसाद मंडार, सुरेंद्र इंदलिया, विष्णु, नेतराम, सुनील, ओंकारमल, सीताराम, इंद्रचंद कंवल, संदीप नवल परमेश्वर नवल, गिरधारीलाल बागोत राजेंद्र गाडगिल सहित कई कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रिंस के तनुज की कॉमर्स ओलंपियाड में सेकण्ड इंटरनेशनल रैंक

निसं



**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर स्थित प्रिंस एजुकेशन हब के विद्यार्थियों ने कॉमर्स ओलंपियाड आईसीएससीओ-25 में शानदार प्रदर्शन किया है। प्रिंस के 11वीं कक्षा के विद्यार्थी तनुज कुमार ने इस ओलंपियाड में इंटरनेशनल लेवल पर सेकण्ड रैंक हासिल की है। तनुज को इस उपलब्धि पर 30 हजार रू. का नकद पुरस्कार भी मिला है। कॉमर्स ओलंपियाड में प्रिंस के विद्यार्थियों ने 23 गोल्ड, 5 सिल्वर एवं 4 ब्रॉन्ज मेडल सहित कुल 32 पदक जीते हैं। इस ओलंपियाड का मुख्य उद्देश्य स्टूडेंट्स को सीए, सीएस जैसी उच्च स्तरीय कॉम्पिटिशन एग्जाम्स के लिए तैयार करना है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन सहित प्रबंधन सदस्यों व शिक्षकों ने पदक विजेता विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाइयां दी।

## कन्या महाविद्यालय के क्रमोन्नत होने पर खर्रा का किया सम्मान



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार के बजट 2026-27 में राजकीय कन्या महाविद्यालय को स्नातकोत्तर में क्रमोन्नत किए जाने के उपलक्ष में नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के प्रतिनिधि अजय सिंह खर्रा का महाविद्यालय परिवार द्वारा साफा एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय के प्राचार्य सहित स्टाफ कर्मचारी उपस्थित रहे। छात्राओं ने पीजी स्तर पर महाविद्यालय को क्रमोन्नत होने पर खुशी जताई एवं मंत्री झाबर सिंह खर्रा का भी आभार व्यक्त किया गया।

## कल मनाई जाएगी महाशिवरात्रि

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी पर इस वर्ष महाशिवरात्रि 15 फरवरी, रविवार को दो शुभ संयोगों में मनाई जाएगी। इस बार त्रियोदशी युक्त चतुर्दशी और सर्वार्थ सिद्धि योग का विशेष संयोग बन रहा है। 14 फरवरी को शाम 4:02 बजे त्रियोदशी शुरू होकर 15 फरवरी शाम 5:05 बजे तक रहेगी, इसके बाद 5:06 बजे से चतुर्दशी प्रारंभ होकर 16 फरवरी शाम 5:35 बजे तक रहेगी। इसलिए पर्व 15 फरवरी को मनाया जाएगा। सुबह 7:08 से शाम 7:48 बजे तक सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। शास्त्रों के अनुसार फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि में भगवान शिव शिवलिंग रूप में प्रकट हुए थे।

इसी कारण इस रात्रि को महारात्रि कहा गया है। मान्यता है कि इस दिन रात्रि में की गई पूजा अक्षय पुण्य प्रदान करती है। महाशिवरात्रि पर श्रद्धालु व्रत रखकर विधि-विधान से शिव-गौरी पूजाए रुद्राभिषेक और शिवलिंग का पंचामृत, शहद, दही व गन्ने के रस से अभिषेक करेंगे। बेलपत्र, धतूरा, भांग, फल-मिष्ठान अर्पित किए जाएंगे तथा पार्वतीपतये नमः मंत्र का जाप किया जाएगा। चार प्रहर की पूजा का विशेष महत्व है, प्रथम प्रहर सायं 6:15 से 9:28, द्वितीय 9:29 से 12:41, तृतीय 12:42 से 3:54 और चतुर्थ प्रहर 3:55 से 7:07 बजे तक रहेगा। ज्योतिषीय मान्यता है कि इस दिन उत्तराषाढ़ा व श्रवण नक्षत्र, व्यतीपात योग और कुंभ राशि में चतुर्ग्रही योग का भी प्रभाव रहेगा।

### किसानों के साथ सरकार करे न्याय : मेघवाल

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्रीय विधायक मनोज मेघवाल ने राजस्थान विधानसभा में नियम 295 के तहत बजट सत्र 2026 में सरकार द्वारा किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही फसल खरीद के तहत खरीद केंद्रो पर हो रही गड़बड़ी की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करवाया। विधायक मनोज मेघवाल ने विधानसभा में कहा कि सुजानगढ़, बीदासर, सरदारशहर, कातर छोटी आदि खरीद केंद्रो पर किसानों की कई दिनों तक जान-बूझकर फसल नहीं तोली जाती।

क्योंकि अधिकारियों को 15-20 हजार रूपए नहीं दिए जाने तक वो तुलाई नहीं करते और क्वालिटी का नाटक करके रिजेक्ट कर देते हैं। मंडियों में किसानों द्वारा धरने प्रदर्शन हो रहे हैं, लेकिन मंडियों में दलालों की सक्रियता के जरिये व्यापारियों से फर्जी खरीद की जा रही है। अतः सरकार को इस मामले में गंभीरता से दाषियों पर कार्यवही करनी चाहिए और किसानों के साथ इंसाफ करना चाहिए।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारम्भ

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** कारुंडिया रोड स्थित स्काउट गाइड मैदान में अलसीसर शर्मा परिवार के तत्वावधान में शुक्रवार को गौसंवर्धन हेतु आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ कथा का भव्य शुभारंभ दिव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। कथा संयोजक प्रदीप शर्मा अलसीसर वाले ने बताया कि लावरेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण से 551 महिलाओं ने गाजे बाजे के साथ राधा कृष्ण की झांकी, हरेरामा-हरे कृष्णा की कीर्तन टोली आदि सहित पाँच भव्य झांकियों के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जो राणीसती रोड, चूना चौक, गांधी चौक होते हुए कारुंडिया रोड स्थित स्काउट गाइड मैदान कथा स्थल पर पहुंची। कलश शोभायात्रा का रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत हुआ। श्रीमद्भागवत कथा पुस्तक का पूजन कर मुख्य यजमान पुष्पा देवी एवं विमल शर्मा ने कथा की दिव्य पुस्तक को सिर पर रखकर कलश शोभायात्रा में भाग लिया। शोभायात्रा के बाद संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का वाचन कथावाचक लाल गोविंद दास महाराज इस्कॉन मंदिर अमेरिका ने कथा का रस पान करवाया। 13 से 19 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक होने वाली सप्ताह कथा परायण के प्रथम दिवस कथावाचक लाल गोविंद महाराज ने अपने मुखारबिंद से श्रीमद्भागवत महा पुराण कथा महात्म्य व एकादशी महत्त्व का विस्तार से वर्णन किया।

कथा स्थल तक आने जाने के लिए शहर के प्रमुख स्थानों एवं आसपास के कस्बों से निःशुल्क आने जाने हेतु वाहनों व्यवस्था की गई है। शोभायात्रा में राजकुमार शर्मा, सुनील शर्मा, आदित्य शर्मा, उमाशंकर महमिया, शिवचरण पुरोहित, पवन शर्मा देरवाला, कमलकांत शर्मा, गणेश हलवाई, वशिष्ठ शर्मा, एडवोकेट सुशील जोशी, रामगोपाल महमिया, विनोद सिंघानिया, डीएन तुलस्यान, राजकुमार तुलस्यान, श्रीकांत पंसारी, विकास पुरोहित, राकेश सहल, सुरेन्द्र शर्मा ढाणीवाला, अनिल जोशी, रविन्द्र तोलियासर, पवन पुजारी, शिव चरण हलवाई, प्रमोद खंडेलिया आदि काफी संख्या में भक्तगणों ने भाग लिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190